दैनिक

कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष: 27, अंक: 210 पृष्ठ 12, रीवा

शनिवार 19 अप्रैल 2025

मूल्य: 3.00 रुपए

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की हाजिरी सेल्फी और लोकेशन से

नई दिल्ली भोपाल । केंद्र सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों की हाजिरी को लेकर कड़े नियम जारी किए हैं। डॉक्टर को अपनी उपस्थिति सेल्फी के साथ लोकेशन के माध्यम से बतानी होगी। केंद्र सरकार ने जो नया नियम जारी किया है। उसके अनुसार डॉक्टर की फेस आधारित अटेंडेंस का प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है।

नेशनल मेडिकल काउंसिल द्वारा एक ऐप तैयार कराया गया है। जिसे मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करना होगा। डॉक्टर को अस्पताल जाने के बाद ऐप के जरिए सेल्फी लेकर उसे सेंड करना होगा। ऐप की खास बात यह है, यह अस्पताल कैंपस के 100 मीटर के दायरे से बाहर होने पर अटेंडेंस को निरस्त कर देगी।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एनएमसी ने सभी शासकीय और निजी मेडिकल कॉलेज को 20 अप्रैल तक मेडिकल कॉलेज की जीपीएस लोकेशन की जानकारी मांगी है। यह ऐप 24 अप्रैल से शुरू हो जाएगा।

वक्फ संपत्तियों को लेकर 1700 से अधिक शिकायतें मिलीं, जिसके बाद आया वक्फ (संशोधन) अधिनियम - पीएम मोदी

नई दिल्ली वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 सैकड़ों शिकायतों के बाद लाया गया है, इसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों, विशेष रूप से महिलाओं और विधवाओं की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था में उत्पीड़न का शिकार हुए लोगों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से कानून में संशोधन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह बात दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान कही। उन्होंने बताया कि 2019 में फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें विभिन्न मुस्लिम समुदायों से वक्फ संपत्तियों को लेकर 1700 से अधिक शिकायतें मिली थीं, इसके बाद मोदी सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना पड़ा।

पीएम मोदी ने कहा, नया कानून इन शिकायतों का जल्द समाधान करेगा और सबसे ज्यादा लाभ गरीबों को मिलेगा। मैं पहले से ही उन पीड़ितों के लिए लड़ रहा हूं, विशेष रूप

से विधवाओं के लिए जिन्हें पुराने कानूनों ने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। हमारा लक्ष्य उन्हें न्याय दिलाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने दाऊदी बोहरा समुदाय के साथ अपने पुराने संबंधों का उल्लेख कर उनकी समाजसेवा की परंपरा और अधिनियम में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कानून पर उनकी शुरुआती चर्चाओं में सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला, इस मार्गदर्शन ने विधेयक को आकार देने में अहम भूमिका निभाई।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल व्यवसायियों, पेशेवरों, चिकित्सकों, शिक्षकों और अन्य प्रमुख दाऊदी बोहरा सदस्यों ने पीएम मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने बताया कि किस तरह से उनकी समुदाय की संपत्तियों पर वक्फ अधिकारियों द्वारा अनुचित रूप से दावा हुआ था। उन्होंने अधिनियम को एक बहुप्रतीक्षित सुधार बताकर कहा कि इससे वर्षों से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। बैठक में उनके साथ अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी थे।

भारतीय छात्रों का वीजा रद्द,

नई दिल्ली कांग्रेस ने बताया कि अमेरिकी आव्रजन अधिवक्ता संघ (एआईएलए) का दावा चिंताजनक है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों के वीजा निरस्तीकरण मामलों में 50 फीसदी भारतीय छात्रों से जुड़े हैं।

कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि क्या विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो के साथ बातचीत में इस मुद्दे को उठाएंगे?

नए वक्फ कानून की लड़ाई मुस्लिमों की नहीं, हिंदू, सिख सबकी- मनोज झा

पटना, पटना में आरजेडी राज्यसभा सांसद मनोज झा ने वक्फ कानून को लेकर कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार को पता भी नहीं होगा और यह कानून पास हो गया है। इस मामले में आरजेडी सबसे पहला पिटीशनर था। यह सियासत की बात नहीं है। संसद में क्या-क्या हो रहा है। एम्स में भर्ती लालू यादव इस पर चर्चा करते रहते हैं। मैं देश और बिहार की जनता का शुक्रिया अदा करता हूं। दोनों सदनों में हमारा आंकड़ा अच्छा था। यह सिर्फ मुस्लिमों की लड़ाई नहीं हिंदू, सिख सबके के लिए लड़ाई है।

महागठबंधन में सीएम का चेहरा कौन होगा।

अमरावती एक दशक से अधिक समय बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और डालमिया सीमेंट्स (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) की 405 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। हालांकि, डीसीबीएल ने बताया कि संपत्ति का मौजूदा मूल्य 793.3 करोड़ रुपये है।

शाह का कोई भी फॉर्मूला तमिलनाडु में काम नहीं करेगा-

चैन्नई, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन लगातार केंद्र सरकार को चुनौती देते दिख रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने चुनौती देकर कहा कि अमित शाह ही नहीं, कोई भी शाह तमिलनाडु पर राज नहीं कर सकता। उन्होंने सवाल किया कि मैं शाह से पूछना चाहता हूं

वाड्रा के खिलाफ तीन मामलों में ईडी की चार्जशीट तैयार

नई दिल्ली(ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ अपनी जांच और तेज कर दी है। ईडी जल्द ही वाड्रा के खिलाफ तीन अलग-अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी कर रही है। गुरुग्राम लैंड डील केस सहित इन मामलों में वाड्रा से लगातार तीसरे दिन पूछताछ की गई, जो कुल मिलाकर 16 घंटे चली। ईडी सूत्रों ने बताया कि चार्जशीट दाखिल होने के बाद इन तीनों मामलों में वाड्रा पर एक साथ आरोप तय होने का रास्ता साफ हो जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, इन तीन मामलों में पहला मामला गुरुग्राम की जमीन खरीद से जुड़ा है, जहां वाड्रा पर 7.5 करोड़ रुपये में जमीन खरीदकर कुछ ही महीनों में उसे 58 करोड़ रुपये में बेचने का आरोप है। दूसरा मामला भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़े लंदन स्थित प्रॉपर्टीज का है, जिन्हें कथित तौर पर रक्षा सौदों से मिले अवैध पैसे से खरीदा गया था। तीसरा मामला बीकानेर जमीन घोटाले से जुड़ा है, जिसमें वाड्रा पर विस्थापितों के लिए आरक्षित जमीन को फर्जी दस्तावेजों के जरिए खरीदने का आरोप है।

21 अप्रैल को भारत दौरे पर आ रहे अमेरिका के उपराष्ट्रपति, ताज का करेंगे दीदार

पीएम मोदी और वेंस की आमेर महल में हो सकती है मुलाकात

जयपुर,अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस 21 अप्रैल को भारत दौरे पर आ रहे हैं वह दो दिन जयपुर में रहेंगे। पिंकसिटी के दौरे में वेंस अपने परिवार के साथ आमेर महल और जंतर-मंतर जैसे हेरिटेज साइट्स का भ्रमण करेंगे। व्हाइट हाउस ने वेंस के जयपुर दौरे की दो दिन पहले पुष्टि की थी। जयपुर के बाद वेंस का आगरा जाने का भी कार्यक्रम है।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के के हवाले से बताया गया है कि वेंस के साथ पीएम नरेंद्र मोदी भी जयपुर आ सकते हैं। जेडी वेंस के दौरे को लेकर जयपुर में एक सप्ताह से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। अमेरिकी सेना

के भी दो बड़े विमान यहां पहुंचे थे। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अमेरिका एयरफोर्स के विमान से 21 अप्रैल को रात 9.30 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद रात 10 बजे होटल रामबाग पैलेस पहुंचेंगे। यहां वह रिसेप्शन में हिस्सा लेंगे। वेंस अपने परिवार के साथ रामबाग पैलेस में ही स्टे करेंगे।

मंगलवार सुबह 9 बजे जेडी वेंस अपने परिवार के साथ जयपुर के ऐतिहासिक आमेर महल को देखने पहुंचेंगे। इस दौरान वेंस सुबह 11.30 मिनट करीब ढाई घंटे तक आमेर महल का दीदार करेंगे। इसके बाद वेंस सिटी पैलेस और जंतर-मंतर का विजिट भी कर सकते हैं। दुनिया के टॉप लग्जरी होटल में शुमार रामबाग पैलेस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति का दो दिन स्टे होगा। करीब 190 साल पुरानी यह प्रॉपर्टी जयपुर के पूर्व राजपरिवार से संबंध रखती है।

अपने आखिरी दिनों में पूर्व महारानी गायत्री देवी भी रामबाग पैलेस में मौजूद लिलिपूल पैलेस में रहती थीं। सोमवार शाम 5 बजे से मंगलवार दोपहर 12 बजे तक आमेर महल आम सैलानियों के लिए बंद रहेगा। इस दौरान महल में संचालित एलिफेंट राइड भी अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी।

राज्यपाल मुर्शिदाबाद रवाना- हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस शुक्रवार सुबह मुर्शिदाबाद और मालदा दौरे पर रवाना हो गए। दो दिवसीय दौरे के दौरान वे हिंसा प्रभावित इलाकों और शरणार्थी शिविरों का दौरा करेंगे। रवाना होने से पहले राज्यपाल ने कहा, कि मैं जमीनी स्थिति का जायजा लेने जा रहा हूं। जो कुछ भी हुआ, वह चौंकाने वाला है। किसी भी कीमत पर शांति बहाल होनी चाहिए। इससे एक दिन पहले ही सीएम ममता बनर्जी ने राज्यपाल से दौरा टालने की अपील की थी।

राज्यपाल आनंद बोस शुक्रवार सुबह दो दिवसीय दौरे पर मुर्शिदाबाद और मालदा के लिए रवाना हो गए। इससे एक दिन पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल से दौरा टालने की अपील की थी। उन्होंने कहा था, कि मैं राज्यपाल से अनुरोध करूंगी कि वे कुछ दिन प्रतीक्षा करें। स्थिति अब सामान्य हो रही है। मैंने भी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा स्थगित किया है, ऐसे में बाहर के लोगों को भी फिलहाल जाने से बचना चाहिए। इसी बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर भी मालदा रवाना हुई हैं। वे भी हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगी और महिलाओं से जुड़ी स्थिति की समीक्षा करेंगी।

सरकार कर चुकी है हिंसा पर रिपोर्ट पेश

पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में हिंसा पर रिपोर्ट पेश कर दी है। सरकार ने दावा किया, कि मुर्शिदाबाद में स्थिति अब नियंत्रण में है। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की खंडपीठ ने केंद्रीय बलों की तैनाती जारी रखने पर आदेश सुरक्षित रख लिया है।

युवती के आरोपों को बताया झूठा, मामले की सच्चाई जानने एसआईटी का गठन

वाराणसी, वाराणसी में एक युवती के साथ कई दिन तक सामूहिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस कमिश्नर ने न केवल इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की है, बल्कि अगली किसी भी गिरफ्तारी पर रोक भी लगा दी है, पुलिस का कहना है कि अगर सामूहिक दुष्कर्म के आरोप गलत पाए जाते हैं, तो उल्टा पीड़िता के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। 19 साल की पीड़िता ने 23 लोगों पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप लगाए हैं।

बता दें गुरुवार को दर्जनों की संख्या में आरोपियों के परिजन पुलिस कमिश्नर आफिस पहुंचे और इंसाफ की गुहार लगाई, बल्कि पीड़ित युवती की संदिग्ध गतिविधि के वीडियो और फोटो भी पुलिस कमिश्नर को दिए, जिनसे पता चलता है कि उस घटनाक्रम की अवधि के दौरान वह लड़की अपनी मर्जी से आरोपी युवकों के साथ घूमती फिरती नजर आ रही है। इस दौरान उस लड़की ने इस्टाग्राम का इस्तेमाल किया और तमाम फोटो-वीडियो अपलोड किए हैं। इस्टाग्राम के चैटबॉक्स के जरिये आरोपी बनाए गए युवकों से चैट करके खुद मिलने की बात कही थी। मालूम हो कि पीएम मोदी ने भी वाराणसी में अपने 50वें दौरे के दौरान आलाधिकारियों से एयरपोर्ट पहुंचते ही इस मामले का संज्ञान लेते हुए कड़े निर्देश दिये थे।बता दें वाराणसी में एक हफ्ते तक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं, क्योंकि पीड़ित युवती की मां ने लालपुर-पांडेयपुर थाने में दी गई तहरीर में 29 मार्च से 4 अप्रैल तक के घटनाक्रम का जिक्र किया है, जिसमें युवती को लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर युवक दुष्कर्म करते रहे। इस दौरान न तो उन्हें किसी ने देखा और न ही युवती ने बीच सड़क से आने-जाने के दौरान किसी तरह का विरोध किया। हालांकि इसके पीछे दलील दी जा रही थी कि युवती बदहवास थी, लेकिन अब जो वीडियो-फोटो सामने आए हैं।

प्रभू यीशु के बलिदान को किया याद, पीएम समेत कई दिग्गजों ने बताया प्रेरणादायक

नई दिल्ली, आज ही के दिन यानी गुड फ्राइडे को ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में यीशु मसी ह के बलिदान को याद करते हुए लिखा, गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हैं। यह दिन हमें दयालुता, करुणा और हमेशा उदार हृदय रखने की प्रेरणा देता है। शांति और एकजुटता की भावना हमेशा बनी रहे।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा, गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन। प्रभु यीशु मसीह ने अपने जीवन और बलिदान के माध्यम से संपूर्ण मानवता को प्रेम, दया और करूणा के भाव का संदेश दिया था। उनके बताए हुए मार्ग के अनुसरण से समस्त मानव समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुडफ्राइडे की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा, दया, क्षमा, त्याग और सहानुभूति का सार हमारे कार्यों को प्रेरित करता रहे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, यह गुड फ्राइडे हर दिल को करुणा, दया और प्रेम से भर दे तथा सभी के लिए शांति लेकर आए।प्रियंका गांधी ने भी अपनी भावनाएं एक्स पर व्यक्त कीं।

यूपी में हुई बेमौसम बारिश और आकाशीय बिजली ने ले ली 13 लोगों की जान

लखनऊयूपी में बेमौसम बारिश कहर बनी बरसी। 24 घंटे में हुई बारिश से 13 लोगों की जान चली गई। सबसे ज्यादा 6 मौतें अयोध्या में हुई। यहां गुरुवार शाम को तेज आंधी चलने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इसके नीचे दबकर 3 महिलाओं की मौत हो गई। इसके अलावा, बारिश से दीवार गिर गई। मलबे में दबने से 3 महिलाओं की जान चली गई। बाराबंकी में टिन शेड और पेड़ गिरने से 6 साल के बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। 6 घायल हैं। अमेठी और बस्ती में बिजली गिरने से 1-1 व्यक्ति की मौत हो गई। गोरखपुर में भी गुरुवार देर रात बारिश हुई।

बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं को देखते हुए सीएम योगी ने अफसरों को अलर्ट रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में उतरें, राहत कार्यों पर नजर रखें। जलभराव की स्थिति में जल निकासी की व्यवस्था की जाए। फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजी जाए, ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके।

37 जिलों में बारिश का आज भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी यूपी के कई जिलों में देर रात तक आंधी और बारिश की संभावना है। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। ओले भी गिर सकते हैं।

गुरुवार को अयोध्या, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, अमेठी और लखीमपुर समेत 13 शहरों में बारिश हुई। अयोध्या और गोंडा में ओले भी गिरे। अयोध्या में आंधी के कारण हाईवे पर कई जगह पेड़ उखड़ गए।

मौसम का हाल- एक दर्जन राज्यों में बारिश का अलर्ट, तेज आंधी और ओले गिरने की संभावना

नई दिल्ली देश के आधे राज्यों से भीषण गर्मी और लू की खबरें आ रहीं हैं। इसी बीच मौसम विभाग 12 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई राज्यों में तेज बारिश, आंधी-तूफान, बिजली गिरने और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। पूर्वोत्तर भारत, पूर्वी भारत, दक्षिणी प्रायद्वीप और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में मौसमी गतिविधियों में भारी उतार-चढ़ाव की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, विभिन्न हिस्सों में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ लाइनों के चलते अगले कुछ दिन मौसम काफी अस्थिर रहने वाला है।

यूपी में एक बार फिर मौसम करवट लेगा। कई जिलों में आंधी रफ्तार देखने को मिलेगी। 18 अप्रैल से तीन दिनों तक बारिश की संभावना जताई गई है। पांच जिलों में ओलावृष्टि को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार जौनपुर, प्रतापगढ़, अमेठी, आजमगढ़ सुल्तानपुर, आंबेडकरनगर, अयोध्या, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी में 40 से 60 किलोमीटर की

रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। इसके अलावा इन जिलों में तीन दिन तक बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। पांच जिलों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है। इसके चलते दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि 18 से 23 अप्रैल तक असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल में भारी वर्षा की संभावना है। बिहार में भी 18 अप्रैल को 50-70 किमी/घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी है।दक्षिण भारत की बात करें तो केरल और माहे में अगले 7 दिनों तक बिजली के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। उत्तरी कर्नाटक में तेज तूफान के साथ हवा की रफ्तार 70 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 18 और 19 अप्रैल को ओलावृष्टि और तेज हवाओं की संभावना है। राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में 18-19 अप्रैल को धूल भरी हवाएं चलने की संभावना है।राजस्थान के कुछ हिस्सों में 18 अप्रैल को हीटवेव की स्थिति बने रहने की संभावना है। मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र में 18 से 21 अप्रैल तक गर्म और उमस भरा मौसम बना रह सकता है।

कर्नाटक में अधर में लटकी जाति जनगणना की रिपोर्ट, 2 मई की बैठक में फिर होगी चर्चा

बेंगलुरु कर्नाटक सरकार ने जाति जनगणना (सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण) के नतीजों को स्वीकार करने पर कोई निर्णय नहीं लिया है। विशेष मंत्रिमंडल बैठक में मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। अब मामले पर अगली चर्चा 2 मई को होने वाली मंत्रिमंडल बैठक में होगी। कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच.के पाटिल ने बताया कि मंत्रिमंडल ने सर्वेक्षण के तकनीकी विवरण और अतिरिक्त जानकारी की मांग की है, इस जानकारी को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 2 मई की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। पाटिल ने कहा, चर्चा अधूरी रही, लेकिन यह सौहार्दपूर्ण थी। मंत्रिमंडल ने विभिन्न समुदायों की जनसंख्या, उनके पिछड़ापन और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रियों से सर्वेक्षण पर अपने विचार लिखित रूप में देने को कहा गया है, ताकि अगली बैठक में इन पर विचार हो सके। सूत्रों के अनुसार, मंत्रियों के बीच खुले तौर पर चर्चा के लिए तैयार न होने के कारण सिद्धारमैया ने सभी की राय सुनने और सर्वेक्षण के सभी समुदायों के लिए लाभकारी होने की बात पर जोर दिया।बाते दें कि वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत समुदायों ने सर्वे को अवैज्ञानिक बताकर खारिज करने और एक नया सर्वेक्षण कराने की मांग की है। पाटिल ने बताया कि अगली कैबिनेट बैठक 24 अप्रैल को एम एम हिल्स में होगी, लेकिन उस बैठक में सर्वेक्षण रिपोर्ट पर चर्चा नहीं की जाएगी।

गुड फ्राईडे पर शेयर बाजार बंद

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज गुड फ्राइडे के मौके पर शुक्रवार 18 अप्रैल को बंद हैं। इसके चलते किसी भी तरह की ट्रेडिंग नहीं होगी। शुक्रवार को इक्विटी डेरीवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग और कमोडिटी डेरिवेटिव्स की ट्रेडिंग भी निलंबित रहेगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में भी कारोबार नहीं होगा।

पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों ने शुक्रवार को सुबह 6 बजे ईंधन के नए दाम जारी कर दिए हैं। जारी रेट के अनुसार आज भी भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि कच्चे तेल की बात करें तो अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 65-78 डॉलर प्रति बैरल, जो कि पिछले दिनों के मुकाबले कम है।

एसबीआई ने अपनी एफडी की ब्याज दरों में ?किया बदलाव

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिजर्व बैंक की कम हुई रेपो रेट का फायदा उठाते हुए अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम्स की ब्याज दरों में हल्की कटौती की है। इस नए फैसले के बाद एसबीआई के परिसर में ब्याज दरों में बदलाव का माहौल महसूस हो रहा है। एसबीआई की की एफडी स्कीम से जुड़े निवेशकों के लिए यह खुशखबरी है कि अब भी वे आकर्षक रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं।

ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का करने जा रही विस्तार

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का विस्तार करने जा रही है। ब्रिजस्टोन कंपनी अपनी ईवी-रेडी ट्यूराँझा 6 आई और ड्यूलर ऑल टेरेन (ए/टी) 002 टायर रेंज को नए साइज में बाजार में पेश करेगी। कंपनी के कार्यकारी निदेशक, राजर्षि मोइत्रा ने बताया कि इस विस्तार का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की गाड़ियों की जरूरतों को पूरा करना है।

ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का करने जा रही विस्तार

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए ब्रिजस्टोन इंडिया अपनी टायर रेंज का विस्तार करने जा रही है। ब्रिजस्टोन कंपनी अपनी ईवी-रेडी ट्यूराँझा 6 आई और ड्यूलर ऑल टेरेन 002 टायर रेंज को नए साइज में बाजार में पेश करेगी। कंपनी के कार्यकारी निदेशक, राजर्षि मोइत्रा ने बताया कि इस विस्तार का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की गाड़ियों की जरूरतों को पूरा करना है। सीयूवी, सेडान और हैचबैक सेगमेंट की गाड़ियों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इनोवा हाइक्रॉस फिर बनी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार

नई दिल्ली। टोयोटा ने मार्च 2025 की बिक्री रिपोर्ट जारी की है, जिसमें इनोवा हाइक्रॉस एक बार फिर कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही। बीते महीने इसकी 9,856 यूनिट्स बिकीं, जो पिछले पांच महीनों में इसका सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा। वहीं, कंपनी की प्रीमियम और लग्जरी एमपीवी वेलफायर की बिक्री ने सबको चौंका दिया। फरवरी में जहां इसकी सिर्फ 19 यूनिट्स बिकी थीं, वहीं मार्च में यह आंकड़ा 346 यूनिट्स तक पहुंच गया, जिससे इसे 1721 प्रतिशत की जबरदस्त ग्रोथ मिली। यह डिमांड टोयोटा कैमरी से भी ज्यादा रही, जिसकी बिक्री 203 यूनिट्स रही।

लग्जरी फीचर्स से लैस वेलफायर एक स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड एमपीवी है, जिसमें 2.5-लीटर इनलाइन चार-सिलेंडर इंजन के साथ इलेक्ट्रिक मोटर और हाइब्रिड बैटरी मिलती है। यह इंजन 142 किलोवाट की पावर और 240 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। कंपनी के अनुसार, यह मॉडल 19.28 किमी प्रति लीटर तक का माइलेज देता है और इसका हाइब्रिड सिस्टम 40प्रतिशत दूरी और 60प्रतिशत समय तक जीरो एमिशन मोड पर चलने में सक्षम है।

वेलफायर तीन बाहरी रंगों प्लैटिनम पर्ल व्हाइट, जेट ब्लैक और प्रेशियस मेटल में उपलब्ध है, जबकि इंटीरियर में सनसेट ब्राउन, न्यूट्रल बेज और ब्लैक ऑप्शंस दिए गए हैं। इसमें 14-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 15 जेबीएल स्पीकर, एपल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो की सुविधा मिलती है।

दूसरी रो की सीट्स में मसाज फंक्शन और प्री-सेट मोड्स हैं, जबकि पूरी एमपीवी को ज्यादा स्पेसियस और कंफर्टेबल बनाया गया है। यह मॉडल अब 60 से ज्यादा कनेक्टेड फीचर्स जैसे रिमोट डोर लॉक/अनलॉक, ड्राइवर मॉनिटरिंग अलर्ट और व्हीकल डायग्नोस्टिक्स से लैस है।

एफएमसीजी कंपनी आईटीसी कर सकती है बड़ी कंपनी का अधिग्रहण

- सोमवार को शेयरों पर दिख सकता है असर

नई दिल्ली। देश की दिग्गज एफएमसीजी कंपनी आईटीसी ने एक बड़े अधिग्रहण की जानकारी दी। एक्सचेंज को दी फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि वह 24 मंत्रा ऑर्गेनिक ब्रांड के तहत जैविक पैकेज्ड खाद्य उत्पादों के निर्माण और बिक्री में लगी श्रेष्ठ नेचुरल बायोप्रोडक्ट्स का लगभग 472.50 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। आईटीसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसने श्रेष्ठ नेचुरल बायोप्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसएनबीपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अधिग्रहण से कंपनी के कारोबार को और मजबूती मिलेगी, ऐसे में सोमवार को आईटीसी के शेयरों पर इसका असर देखने को मिल सकता है।

कंपनी ने कहा कि यह अधिग्रहण 'कंपनी के भविष्य के लिए तैयार पोर्टफोलियो को बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप है, यह लेनदेन भारतीय और विदेशी दोनों बाजारों में उच्च विकास वाले जैविक उत्पाद खंड में आईटीसी की उपस्थिति और बाजार की स्थिति को मजबूत करेगा। एसएनबीपीएल के पोर्टफोलियो में 100 से अधिक जैविक उत्पादों की विस्तृत शृंखला शामिल है। आईटीसी ने कहा ?कि शेयर अधिग्रहण वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में या पार्टियों द्वारा आपसी सहमति से तय की गई किसी बाद की तारीख में पूरा होने की उम्मीद है।

वीआईएल के नेटवर्क में सेवाएं बहाल

नई दिल्ली। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के उपयोगकर्ताओं को शुक्रवार तड़के नेटवर्क में व्यवधान का सामना करना पड़ा। कंपनी ने कहा कि यह व्यवधान 'तकनीकी समस्या के कारण हुआ था। समस्या का अब समाधान कर दिया गया है और अब सभी सेवाएं अब सामान्य हो गई हैं। वीआईएल के प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार 18 अप्रैल तड़के तकनीकी समस्या के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हमारी नेटवर्क सेवाएं कुछ समय के लिए प्रभावित हुईं।

गूगल को अमेरिकी फेडरल कोर्ट का बड़ा झटका, एंटीट्रस्ट कानून का किया उल्लंघन

- बिजनेस के खातिर हथिया लिया पूरा बाजार, सही साबित हुए आरोप

नई दिल्ली। दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी गूगल को अपनी मनमानी महंगी पड़ी है। अमेरिका में वर्जीनिया की फेडरल कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि गूगल ने अपने वेब विज्ञापन व्यवसाय के साथ अवैध रूप से एकाधिकार शक्ति का इस्तेमाल किया है। अमेरिका में गूगल को एंटीट्रस्ट कानून के उल्लंघन के आरोप में यहां वामिका आ गई है।

फेडरल कोर्ट ने गूगल को अपनी वेब विज्ञापन व्यवसाय में एकाधिकार शक्ति का दुरुपयोग करने के आरोप में दोषी ठहराया है। इसमें कोर्ट ने एंटीट्रस्ट कानून का उल्लंघन माना है और गूगल के खिलाफ भारी धनराशि की जुर्माना भी लगाई है। यह मामला उस समय सामने आया था जब गूगल ने डिजिटल एड टेक्नोलॉजी में अपनी एकाधिकारी नीतियों का इस्तेमाल करके अन्य कंपनियों के साथ कंपिटिशन को दबाने का आरोप लगा था। कोर्ट ने यह दिलचस्प निर्णय देते हुए कहा कि गूगल ने अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल किया है और इससे डिजिटल विज्ञापन क्षेत्र में अनुचित भविष्य का संकेत दिया है। इस फैसले के बाद गूगल को अब अपनी विज्ञापन व्यवसाय की नीतियों पर पुनः से सोचने की आवश्यकता है, जिससे वास्तविक कंपिटिशन को बढ़ावा मिल सके और दूसरी कंपनियों को भी बाजार में समान अवसर मिल सके। गूगल की यह झटका से जबकि एक बड़ा आंकड़ा है, वहीं दूसरी डिजिटल कंपनियों के लिए एक संजीवनी भी हो सकती है।

मर्सिडीज़-बेंज़ ने किया 2 लाख पैसेंजर व्हीकल्स के प्रोडक्शन का आंकड़ा पार

नई दिल्ली । लग्जरी कारें बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज़-बेंज़ ने 2 लाख पैसेंजर व्हीकल्स के लोकल प्रोडक्शन का आंकड़ा पार कर लिया है। यह सफलता न सिर्फ मर्सिडीज़ की भारत में मजबूत होती पकड़ को दर्शाती है, बल्कि देश में लग्जरी कार मार्केट के विस्तार की भी पुष्टि करती है।

यह मील का पत्थर कंपनी की इलेक्ट्रिक फ्लैगशिप ईक्यूएस एसयूवी को पुणे के चाकन प्लांट से रोल आउट करते हुए हासिल हुआ।1995 में भारत में शुरुआत करने के बाद कंपनी को पहली 50,000 यूनिट्स का उत्पादन करने में 19 साल लगे, जबकि अगली 1.5 लाख यूनिट्स सिर्फ 10 वर्षों में ही असेंबल कर ली गई। यह उत्पादन दर में लगभग 470 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मर्सिडीज़-बेंज़ भारत में इतनी बड़ी संख्या में पैसेंजर कारों का लोकल प्रोडक्शन करने वाला पहला लग्जरी ब्रांड बन गया है। इस अवसर पर मर्सिडीज़-बेंज़ ग्रुप एजी के बोर्ड सदस्य डॉ. जॉर्ग बर्जर ने कहा कि यह उपलब्धि भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता का प्रमाण है।

वहीं, मर्सिडीज़ इंडिया के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि कंपनी अपनी उन्नत उत्पादन सुविधाओं में निवेश जारी रखेगी ताकि बढ़ती डिमांड को पूरा किया जा सके। एफवाय 2025 के दौरान मर्सिडीज़-बेंज़ ने भारत में कुल 18,928 कारें बेचीं, जो सालाना 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। कंपनी के अनुसार, यह किसी भी वित्तीय वर्ष में अब तक की सबसे अधिक बिक्री है।

टाटा नेक्सन ईवी को कड़ी टक्कर महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्स ईवी

नई दिल्ली । स्वदेशी कंपनी महिंद्रा अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी एक्सयूवी 3एक्सईवी को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इस इलेक्ट्रिक कार को एक बार फिर टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। महिंद्रा की यह इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा नेक्सन ईवी जैसी गाड़ियों को कड़ी टक्कर देने के इरादे से लाई जा रही है। इस गाड़ी का एक्सटीरियर डिज़ाइन काफी हद तक एक्सयूवी 400 की तरह होगा। इसमें आईसीई और ईवी मॉडल्स के बीच कई कॉमन एलिमेंट्स जैसे शीट मेटल पैनल और प्लास्टिक ट्रिम्स शामिल होंगे। चार्जिंग पोर्ट को भी एक्सयूवी 400 की तरह बाएं साइड फ्रंट क्वार्टर पैनल में रखा गया है। केबिन की बात करें तो इसमें कई एडवांस्ड फीचर्स देखने को मिलेंगे, जैसे 10.2-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.2-इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, ड्युअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, रियर एसी वेंट, पैनोरमिक सनरूफ, लेवल-2 अडास तकनीक और 360-डिग्री कैमरा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्सयूवी 3एक्सईवी ईवी दो बैटरी पैक वेरिएंट्स 34.5 केडब्ल्यूएच और 39.4 केडब्ल्यूएच के साथ आ सकती है। इसकी सिंगल चार्ज पर रेंज 400 किलोमीटर से ज्यादा हो सकती है, जो इसे मार्केट में काफी प्रतिस्पर्धी बनाएगी।

आरबीआई ने कहा- बैंक खातों में लेनदेन पर कड़ी निगरानी रखी जाए

मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि बैंक केंद्रीय बैंक को सूचना दिये बिना अपनी विदेशी शाखाओं या प्रतिनिधियों के नाम पर रुपया खाते (ब्याज रहित) खोल या बंद कर सकते हैं। हालांकि, आरबीआई ने डिपॉजिट और अकाउंट पर जारी मास्टर निर्देश में कहा कि पाकिस्तान के बाहर संचालित पाकिस्तानी बैंकों की शाखाओं के नाम पर रुपया खाते खोलने के लिए रिजर्व बैंक की विशेष मंजूरी की आवश्यकता होगी। खातों में लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विदेशी बैंक भारतीय रुपये पर सट्टा लगाने वाला नजरिया न अपनाएं। ऐसे किसी भी मामले की सूचना रिजर्व बैंक को दी जानी चाहिए। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के बैंकिंग सिस्टम में मजबूती को लेकर अहम बात की थी। आरबीआई ने कहा कि आपात परिस्थितियों और मुश्किलों से निपटने के लिए एक बफर पूंजी यानी सीसीवाईबी बना रखा है। हालांकि, इसका इस्तेमाल परिस्थितियों के हिसाब से किया जाएगा।

इन्फोसिस के निदेशक पारेख को 51 करोड़ की ईएसओपी योजना की मिली मंजूरी

- स्टॉक प्रोत्साहन ईएसजी और इक्विटी सहित विभिन्न मदों के अंतर्गत दी गई मंजूरी

नई दिल्ली। भारत के दूसरे नंबर पर सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस के निदेशक मंडल ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख को 51 करोड़ रुपये से अधिक की कर्मचारी शेयर विकल्प योजना (ईएसओपी) देने की मंजूरी प्रदान कर दी है। ये स्टॉक प्रोत्साहन ईएसजी (पर्यावरण सामाजिक शासन) और इक्विटी सहित विभिन्न मदों के अंतर्गत हैं। इनकी कुल राशि 51 करोड़ रुपये से अधिक है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि निदेशक मंडल ने नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों के आधार पर शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित रोजगार समझौते के तहत पारेख को उक्त वार्षिक अनुदान को मंजूरी दे दी। निदेशक मंडल ने 2015 योजना के तहत अनुदान की तिथि पर पांच करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाले कंपनी के शेयरों को 'कवर' करने वाले रिसर्टिकेटेड स्टॉक यूनिट (आरएसयू) के रूप में वार्षिक प्रदर्शन-आधारित स्टॉक प्रोत्साहन (वार्षिक प्रदर्शन इक्विटी टीएसआर अनुदान) के अनुदान को भी मंजूरी दे दी। यह कुछ मानदंडों के अधीन 31 मार्च 2027 को या उसके बाद दिया जाएगा।

महिंद्रा के दो लेटेस्ट वर्जन लांच होंगे 2026 तक

नई दिल्ली। स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी दो सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी थार और एक्सयूवी700 के फेसलिफ्ट वर्जन पर काम कर रही है। कंपनी के यह लेटेस्ट वर्जन 2026 तक लॉन्च किए जाएंगे। थार को साल 2020 में और एक्सयूवी700 को 2021 में बाजार में उतारा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक थार फेसलिफ्ट कोडनेम डब्ल्यू515 के तहत तैयार की जा रही है, जिसका डिज़ाइन थार रॉक्स से प्रेरित होगा। इसमें डबल-स्टैक्ड स्लॉट वाली नई ग्रिल, सी-शेप्ड एलईडी सिग्नेचर हेडलाइट्स के साथ टेल-लाइट, नया बंपर, बॉडी क्लैडिंग और नए डिजाइन वाले अलॉय व्हील्स शामिल होंगे। इंटीरियर में भी नया स्टीयरिंग व्हील, रीमॉप किए गए बटन, बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और हार्ड-टॉप वर्जन में सनरूफ जैसी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। इंजन ऑप्शन्स में कोई बदलाव नहीं होगा। इसमें कनेक्टेड एलईडी हेडलाइट्स, नया ग्रिल, चौकोर व्हील क्लैडिंग जैसे बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इंटीरियर में भी हाई-टेक और प्रीमियम टच देखने को मिलेगा। एक्सयूवी700 फेसलिफ्ट में भी इंजन विकल्प पहले जैसे ही रहेंगे, जिनमें 2.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल (200एचपी) और 2.2-लीटर टर्बो-डीजल (155ह्व185एचपी) शामिल होंगे। दोनों एसयूवीएस में तकनीक और डिजाइन के लिहाज से बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।इसमें पहले की तरह 2.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन (152एचपी), 1.5-लीटर डीजल (119एचपी) और 2.2-लीटर डीजल (132एचपी) इंजन के विकल्प मिलेंगे, जो 6-स्पीड मैनुअल या ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ आएंगे। वहीं, एक्सयूवी700 फेसलिफ्ट (कोडनेम डब्ल्यू616) को बीई 6 और एक्सईवी 9ई जैसी इलेक्ट्रिक एसयूवीएस की फ्यूचरिस्टिक डिजाइन लैंग्वेज के अनुसार अपडेट किया जाएगा।

टैरिफ वॉर का असर इंदौर पर, शिपिंग यार्ड में कंटेनरों की संख्या बढ़ रही

इंदौर। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए टैरिफ वॉर का असर इंदौर में भी दिख रहा है। टैरिफ ब?ने से कई देशों का एक्सपोर्ट गिर गया है। इसकारण शिपिंग यार्ड में कंटेनरों की संख्या ब?ती जा रही है।शिपिंग कंपनियां अपने कारोबार को जिंदा रखने के लिए 30 से 50 प्रतिशत तक कम दाम में दूसरे देशों को सामान एक्सपोर्ट कर रही हैं। इससे सीधे तौर पर एक्सपोर्ट कंपनियों को फायदा हो रहा है। हालांकि जानकार कह रहे हैं कि किराए में कमी अस्थायी है।

अमेरिका के बंदरगाहों के लिए 40 फीट के कंटेनर का भाड़ा वर्तमान में 1750 से 1850 डॉलर (1.48 से 1.57 लाख रुपए) आ रहा है। जबकि तीन-चार महीने पहले तीन हजार डॉलर (ढाई लाख रुपए से कुछ ज्यादा) था।

इंदौर-पीथमपुर क्षेत्र से सालाना 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निर्यात होता है। इंदौर के कंटेनर या गुजरात के मुंद्रा या मुंबई के बंदरगाह से जहाजों में लोड होते हैं। इसमें प्रमुख रूप से दवा, कृषि उत्पाद, पॉलिएस्टर फिल्म, पीपी जंबो बैग और मशीनरी भी शामिल है।

साल-दर-साल निर्यात का आंकड़ा बढ़ता रहा है। बीते दिनों से कृषि उत्पाद जैसे सोयाबीन व डीओसी का निर्यात कम हुआ है। जानकारों के मुताबिक पैकिंग मटेरियल, पॉलिएस्टर और दवाओं की खेप भी अब कम रवाना हो रही है।

टीही के कंटेनर डिपो में भी इन दिनों खाली कंटेनरों की भीड़ जमा है। हाल यह है कि आईसीडी को अपने यार्ड का विस्तार किया है। आईसीडी सूत्रों के मुताबिक डिपो में 4 हजार से ज्यादा खाली कंटेनर इस समय जमा हैं।

लगातार कमजोर होते जा रहे टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो के शेयर

- निफ्टी आईटी का 17 साल में सबसे कमजोर प्रदर्शन

नई दिल्ली। देश की दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, विप्रो और एचसीएलटेक के शेयर बाजार में लगातार कमजोर होते जा रहे हैं। यह गिरावट उस समय हो रही है जब बाकी बाजार में तेजी लौटी है। अप्रैल महीने में अब तक निफ्टी आईटी इंडेक्स में 9.5 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि इसी दौरान निफ्टी 50 में 1.4 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। गुरुवार को भी जब निफ्टी 50 में 1.8 फीसदी की उछाल आई, तब निफ्टी आईटी महज 0.23 फीसदी ही बढ़ पाया। इस गिरावट के चलते निफ्टी 50 में आईटी सेक्टर का वेटेज अब सिर्फ 10.2 फीसदी रह गया है, जो पिछले 17 सालों में सबसे कम है। यह मार्च 2008 के रिकॉर्ड न्यूनतम 9.7 फीसदी के बेहद करीब है, जब वैश्विक वित्तीय संकट से पहले बाजार में उथल-पुथल थी। मार्च 2022 में यह वेटेज 17.7 फीसदी था यानी दो साल में इसमें करीब 42 फीसदी की गिरावट आई है। ताजा गिरावट के साथ निफ्टी आईटी इंडेक्स अब उन सभी लाभों को गंवाने के करीब है, जो उसे कोविड-19 महामारी के दौरान और बीते 21 वर्षों (2004 से अब तक) में निफ्टी 50 की तुलना में मिले थे। फिलहाल निफ्टी 50 में शामिल पांच आईटी कंपनियों का कुल मार्केट कैप 25.5 लाख करोड़ रुपए रह गया है, जबकि पूरे निफ्टी 50 का कुल मार्केट कैप 189.4 लाख करोड़ रुपए है।देश का आईटी सेक्टर 2025 की शुरुआत से ही भारी दबाव में है। निफ्टी आईटी इंडेक्स इस साल अब तक 23 फीसदी तक गिर चुका है, जो पिछले दो दशकों की सबसे खराब शुरुआत मानी जा रही है। इससे पहले 2022 में भी सेक्टर ने साल के पहले चार महीनों में 18.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की थी, लेकिन इस बार की गिरावट उससे भी ज्यादा गहरी साबित हो रही है।

सीधी, सिंगरौली प्रभा

शनिवार, 19 अप्रैल 2025

ई-केवायसी ऐप से राशन के पात्र हितग्राही खुद कर सकते हैं ई-केवायसी -खाद्य मंत्री

सीधी प्रदेश में पीडीएस अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिए 9 से 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाईल फोन पर ई-केवायसी की सुविधा भी गुरूवार से उपलब्ध करायी जा रही है।

शालाओं में 22 अप्रैल को होगा पृथ्वी दिवस का आयोजन

सतना प्रदेश की सभी शालाओं में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार के दिन पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के संचालन के लिए संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने समस्त जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा ''इको क्लब फॉर मिशन लाइफ' कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान की आज मुख्यमंत्री करेंगे समीक्षा

सतना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान की जिलेवार समीक्षा करेंगे। डॉ. मोहन यादव 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित वीडियो कान्फेंसिंग में प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जिलों में अब तक कराये गये कार्यों व कार्ययोजना के अनुसार आगामी दिनों में कराये जाने वाले कार्यों की जिलेवार समीक्षा करेंगे।

मंत्री श्री पटेल ने किये मां शारदा देवी के दर्शन

सतना पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शुक्रवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मंत्री श्री पटेल ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नरवाई प्रबंधन के तहत किसान संगोश्टी का आयोजन

सतना नरवाई प्रबंधन के तहत शुक्रवार को किसान संगोष्ठी का आयोजन ग्राम पंचायत गंगवारियां मे किया गया। जिसमे किसानों को नरवाई प्रबंधन अपनाने से मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता शक्ति के बढने के साथ ही नरवाई जलाने से शासकीय कार्यवाही और अर्थ दण्ड के बारे में किसानों को बताया गया। खेत में बचे भूसे एवं अन्य अवशेष से नाडेप विधि (टांका/टटिया), वर्मी कंपोस्ट द्वारा भी नरवाई का उपयोग करके खाद बनाने के बारे मे जानकारी दी।

समाज के गुणों के आधार पर अपनी सामर्थ्य बढानी चाहिए- प्रहलाद सिंह पटेल

सतना पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल सतना जिले के प्रवास के दौरान उचेहरा में वीरांगना अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह में भी शामिल हुए। इस मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए खुले मन से काम करना चाहिए।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने बताया जल का महत्व

शहडोल जल के बिना जीवन संभव नहींष् शहडोल जिले में कलेक्टर डॉण् केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है।

किसान भाईयों से नरवाई न जलाने की अपील नरवाई जलाना दण्डनीय अपराध

नरवाई जलाने से घटती है खेत की उर्वरा शक्ति

सीधी वर्तमान में गेहू फसल की कटाई चल रही है। कटाई के बाद कुछ किसान भाई गेहूँ के अवशेष (नरवाई) को जला देते है। नरवाई जलाने से पर्यावरण को भारी क्षति पहुँचती है, साथ ही खेत की मिट्टी के लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु मर जाते हैं। कहने का आशय है कि भूमि गर्म हो जाने से उर्वरता घट जाती है। इसलिए किसान भाईयों से अपील की गई है कि गेंहूँ की कटाई के बाद नरवाई न जलाएँ। नरवाई जलाना दण्डनीय अपराध है। फसल के अवशेष जलाने से फैलने वाले प्रदूषण पर अंकुश, अग्नि दुर्घटनाएँ रोकने एवं जान-माल की रक्षा के उद्देश्य से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर जिले में गेहूँ की नरवाई इत्यादि जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के तहत कार्रवाई होगी। साथ ही किसी ने अवशेष जलाए तो उसे पर्यावरण मुआवजा भी अदा करना होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि दो एकड़ से कम भूमि धारक को 2500 रूपए प्रति घटना, दो एकड़ से अधिक व पाँच एकड़ से कम भूमि धारक को पाँच हजार रूपए प्रति घटना एवं पाँच एकड़ से अधिक भूमि धारक को 15 हजार रूपए प्रति घटना पर्यावरण मुआवजा देना होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि हार्वेस्टर मशीन संचालकों को हार्वेस्टर के साथ अनिवार्यतः स्ट्रारीपर (भूसा बनाने की मशीन) लगाकर कटाई करनी होगी।

यदि कोई कृषक बिना स्ट्रारीपर के फसल काटने के लिये दबाब डालता है तो उसकी सूचना संबंधित पुलिस थाने, ग्राम पंचायत सचिव या ग्राम पंचायत निगरानी अधिकारी को देना होगी।उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री एस के श्रीवास्तव ने बताया कि नरवाई जलाने से भूमि में अम्लीयता बढती है, जिससे मृदा को अत्यधिक क्षति पहुँचती है। सूक्ष्म जीवाणुओं की सक्रियता घटने लगती है एवं भूमि की जलधारण क्षमता पर भी विपरीत प्रभाव पडता है।

किसान भाई कम्बाईन हार्वेस्टर से कटाई के साथ ही भूसा बनाने की मशीन को प्रयुक्त कर यदि भूसा बनायेंगे तो पशुओं के लिए भूसा मिलेगा और फसल अवशेषों का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा। साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहेगी और पर्यावरण भी सुरक्षित होगा।

एमबी पावर लिमिटेड द्वारा प्लांट गेट नंबर.2 तक लगाए गए स्ट्रीट लाइट्स

जैतहरी क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हिंदुस्तान पावर के सीएसआर विभाग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया हैए कंपनी के द्वारा जैतहरी चौक से लेकर प्लांट के गेट नंबर.2 तक लगभग 01 किलो मीटर लंबे मार्ग पर 40 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई हैंए बता दें स्ट्रीट लाइटों की स्थापना में आवश्यकता अनुरूपए तकनीकी मापदंड का विशेष ध्यान रखा गया हैए जिसके आधार पर स्थानीय जनमानस को बेहतर प्रकाश मिलना सुनिश्चित हो सकेए तकनीकी मापदंड के अनुसार प्रत्येक स्ट्रीट लाइट की ऊंचाई 7ण्5 मीटर रखी गई है और प्रत्येक दो लाइटों के मध्य दूरी लगभग 25.25 मीटर निर्धारित की गई है।

आज गौरव पथ पर स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन समारोह रखा गयाए समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष श्री अनिल गुप्ताए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थितए नगर परिषद के अध्यक्ष श्री उमंग गुप्ताए नगर परिषद के उपाध्यक्ष श्री रविन्द्र कुमार राठौरए परिषद के सभापति श्री कैलाश मरावी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख अतिथि अनिल गुप्ता ने कहाएकंपनी स्थानीय विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैए विगत वर्षों में कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथए नगर में कई विकास के कार्य किए हैंए जिनमें जैतहरी चौक से गेट नण् 2 तक सड़क निर्माण कार्यए जैतहरी चौक से जैतहरी पुराना रेलवे फाटक तक सड़क निर्माण कार्यए विभिन्न सामूहिक स्थलों पर वाटर कूलर की व्यवस्थाए तहसीलए जैतहरी चौक पर हाई मास्ट लाइट सिद्ध बाबा डुंगरिया का सौंदर्यीकरण इत्यादि कार्य शामिल हैं और हाल ही में नगर परिषद के अनुरोध पर कंपनी के द्वारा 40 नग स्ट्रीट लाइट की स्थापना कराई गई है। इन सभी कार्यों के लिए हम सभी परिषद की ओर से हिन्दुस्तान पावर का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री उमंग ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल इस मार्ग पर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना हैए बल्कि आमजनए स्थानीय दुकानदारोंए राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए अंधेरे को प्रकाश में परिवर्तित कर उनकी सुरक्षा को भी बढ़ाना है।

जनअभियान परिषद के नेतृत्व में स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में की जा रही सहभागिता

सीधी जल गंगा संवर्धन अभियान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा जिले के सभी 25 सेक्टर में निरंतर जन सहभागिता से जल को बचाने एवं जन जागरूकता हेतु अनेकों प्रकार के कार्यक्रम संपन्न किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में कुसमी विकासखंड में स्थित बरी नदी पर डैम की साफ-सफाई एवं पानी को रोकने हेतु श्रमदान किया गया।

श्रमदान में अखंड प्रताप सिंह, दसमतिया साहू तथा नवांकुर संस्था से रंजना नामदेव, लालता प्रसाद केवट, मनीषा केवट आदि ने श्रमदान किया। वहीं विकासखंड मझौली के सेक्टर खड़ौरा में यथार्थ लाल सेवा समिति के द्वारा निरंतर जलाशयों की सफाई अभियान का कार्यक्रम योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

जिला समन्वयक शिवदत्त उरमलिया के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार यह कार्य निरंतर 30 जून तक संचालित किया जाएगा जिसमें प्रस्फुटन समितियां, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्रा, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जन सहभागिता से कार्यक्रम संपन्न होंगे।

भाजपा युवा मोर्चा ने सोनिया और राहुल का फूंका पुतला

सीधी। नेशनल हेराल्ड मामले मे कांग्रेस के द्वारा लगातार देश को गुमराह किए जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा विरोध प्रदर्शन कर व सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन करए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान और सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की गरिमामय उपस्थित में अपना विरोध दर्ज किया गया। पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला लेकर पार्टी कार्यालय से निकलकर पूजा पार्क के पास पुतला दहन किया। इस दौरान सोनिया और राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगे।

इस दौरान जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहानए सीधी विधायक रीती पाठकए जिला उपाध्यक्ष अमलेश्वर चतुर्वेदी ए सुरेश सिंह चौहानए डा मनीला सिंह चौहानए पूनम सोनीए पंकज पाण्डेयए पुष्पराज सिंह चौहानए मुनिराज विश्वकर्माए भाजयुमो पदाधिकारी शिवम सिंहए सौरभ द्विवेदी ए विक्रमादित्य मिश्राएजितेंद्र सिंहए प्रदीप मिश्राए नीरज द्विवेदी एअजय गुप्ता सहित पार्टी पदाधिकारी और युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रगति की कलेक्टर ने की समीक्षा

शहडोल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार शहडोल जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की तथा अभियान को गति देने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान है इस अभियान को जनता एवं सरकार को मिलकर संचालित करना है। आम जनता को जल संरक्षण संवर्धन एवं प्रबंधन की जानकारी देकर सहभागी बनाना है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंहए एसडीएम सोहागपुर श्री अरविंद शाहए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेन्द्र सिंह धुर्वेए सहायक आयुक्तए उप संचालक कृषिए जिल समन्वयक जन अभियान परिषद श्री विवेक पांडेयए कार्यपालन यंत्री जल संसाधनए ग्रामीणा यांत्रिकी सेवाए पीएचईए डीपीसीए सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा सीईओ जनपद पंचायत उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कहा है कि नए तालाबोंए अमृत सरोवरोंए के निर्माणए पुराने तालाबोंए जलाशयों का जीर्णोंद्धारए स्टाप डैमों की शटर लगाने के कार्यए कपिल धाराए खेत तालाब बलराम तालाब जिन स्थानों पर हैण्डपंप या निस्तारी कुओंए का पानी व्यर्थ में बह रहा है वहां हौजए या रिर्चाज पिट बनाने व्यवस्था के निर्देश दिए।

जनपद अध्यक्ष को धमकी देने बाले सीईओ ओपी अस्थाना के घर पहुंची पुलिस

सतना।एफआईआर दर्ज करने के उपरांत अमरपाटन पुलिस जनपद अध्यक्ष को गोली मारने की धमकी देने बाले सीईओ ओपी अस्थाना के सतना विराट नगर स्थित घर पहुंची।जहा मिले अस्थानाएइस दौरान जनपद अध्यक्ष माया विनीत पांडे भी रही पुलिस के साथ।

वही अमरपाटन जनपद पंचायत सीईओ ओण्पीण्अस्थाना को अमरपाटन जनपद से हटा कर जिला पंचायत सतना अटैच किया गया।

रामनगर सीईओ एम.एल.प्रजापति को मिला अमरपाटन जनपद का अतिरिक्त प्रभार साथ ही ऑडियो वायरल मामले में तीन सदस्यीय जांच टीम कलेक्टर ने की गठित।

नपा अध्यक्ष ने लोगों की समस्याएं सुनकर किया निराकरण

मैहर। शुक्रवार को सुबह 11 वार्ड क्रमांक 01 अंधरा टोला, न्यू अरकंडी एवं महाराजा नगर के लोग जल संकट, साफ सफाई एवं लाइट की समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी के निवास में जाकर मिले और वार्ड की समस्याएं बताई। अध्यक्ष गीता संतोष सोनी त्वरित निराकरण भी किया।

मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

सीधी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर आसान बना दिया गया है। कल्याणी महिला (विधवा महिला) सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के विवाह पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती है।

मंत्री श्री कुशवाह ने सभी जिलाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पत्रों का 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण के निर्देश दिए है। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि प्रदेश में निवासरत कल्याणी बहनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना में कल्याणी बहनों को विवाह उपरांत 2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा योजनांतर्गत आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। इच्छुक हितग्राही ीजजचेरूध्धअपअीचवतजंसण्उचण्हवअण्पद पर पब्लिक डोमेन से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि विवाह पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के लिये समग्र पोर्टल पर जानकारी अपडेट होना आवश्यक है। आवेदिका एवं उसके पति का आधार ई-केवायसी समग्र पोर्टल पर होना अनिवार्य है, समग्र पोर्टल पर वैवाहिक स्थिति विवाहित होना अनिवार्य है, 8 अंको की समग्र परिवार आईडी एक ही होना अनिवार्य है। सभी जिला अधिकारी ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण करेंगे। अनावश्यक रूप से आवेदन लंबित रखने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। प्रमुख सचिव

सीवर लाइन ठेकेदार ने सड़कों का निकाला कचूमर

मैहर। शहर की दुर्दशा को लेकर आम जनमानस में काफी नाराजगी देखी जा रही है और लोग प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। विगत 1 वर्ष से पूरा शहर गडढो में तब्दील है इसके कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

धूल और डस्ट ने शहर के लोगों की जिंदगी को नर्क बना दिया है। स्मार्ट सिटी के घटिया निर्माण कार्य प्रशासन की नाकामी के सबूत हैं। ठेकेदार की मनमानी चरम पर है, ठेकेदार जब चाहें सड़कें खोद देते हैं बिना किसी प्लान या जवाबदेही के हफ्तों, महीनों उसी हाल में छोड़कर आगे बढ़ जाते हैं। ताजा मामला देवी जी रोड का है जहां अचानक सड़क खोद कर मिटटी का ढेर लगा दिया गया जिससे कि लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्पष्ट है कि बिना किसी प्लान के जनहित को उपेक्षित कर ठेकेदारों की मनमानी शहर में हावी है। इस तरह की अराजकता नहीं चलनी चाहिए शासन इस पर तुरन्त कदम उठाए। यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। फुटपाथों पर ठेले और रिक्सों का कब्जा है।

सड़कों पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की अंधाधुंध भीड़ ने हालात को बेकाबू कर दिया है। सड़कों में अतिक्रमण के चलते सड़कें संकरी होती जा रही है और प्रशासन को इसकी परवाह नहीं है। आखिर कब तक शहरवासी इस अव्यवस्था को झेलते रहेंगे। स्मार्ट सिटी के तहत सीवर लाइन के निर्माण और खोदी गई सड़कों में हुए रेस्टोरेशन के कार्यों को घटिया व लापरवाही की मिशाल है। शहर के किसी भी मोहल्ले में चले जाएं सड़कों में सिर्फ गडढे ही गडढे हैं जो प्रशासन की नाकामी का सबूत है। पूरा शहर धूल के गुबार में डूबा हुआ है जिससे लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है और सांस लेना भी दूभर हो गया है।

अवैध रेत का परिवहन करने चालक तथा वाहन स्वामी पर मामला दर्ज

अवैध रेत परिवहन मे प्रयुक्त वाहन मय रेत किया जप्त।'

सीधी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी चुरहट के कुशल मार्गदर्शन तथा कमर्जी थाना प्रभारी उप निरी के नेतृत्व मे पुलिस नें अवैध रूप से रेत का परिवहन करने वाले चालक व वाहन स्वामी पर मामला दर्ज करते हुए परिवहन मे प्रयुक्त वाहन मय रेत जप्त किया है।थाना प्रभारी कमर्जी उनि पवन सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चिलरी घाट सोन नदी तट पर लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत लोड की जा रही है। थाना प्रभारी कमर्जी ने सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु पुलिस टीम गठन कर रवाना किया जो मुखबिर के बताये स्थान चिलरी घाट पहुंची तो पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक ने लोड रेत को खाली कर भागने का प्रयास किया पुलिस स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर ट्रैक्टर को रोका गया किंतु ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया मौके पर लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर मय ट्रली में लगभग 10.12 तगाड़ी रेत लोड पाई गई अनुमानित कीमत लगभग 05 लाख रुपये आंकी गई। जिसके पश्चात ट्रैक्टर ट्रली सहित रेत को पुलिस कब्जे में लिया गया। अज्ञात चालक एवं

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है।

- शंकराचार्य

राष्ट्रपति के पास हाथी के दांत

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की है। उस आदेश पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि अदालत राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकती है। उपराष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले सुप्रीम कोर्ट को विशेष अधिकार की गलत व्याख्या करते हुए कहा, लोकतांत्रिक शक्तियों के लिये यह अधिकार न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। संविधान का अनुच्छेद 142 ,भारत के सुप्रीम कोर्ट को विशेष अधिकार देता है। पूर्ण न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट किसी भी मामले में कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है। धनखड ने कहा लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सर्वोच्च होती है। उन्होंने कहा, सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। धनखड़ ने कहा राष्ट्रपति देश का सबसे सर्वोच्च पद है। संविधान के अनुच्छेद 145 (3) के तहत संविधान की व्याख्या का अधिकार सुप्रीम कोर्ट के पास है। उनका आरोप है, सुप्रीम कोर्ट के जज सुपर संसद की तरह काम कर रहे हैं।

संविधान की रक्षा और न्यायपालिका की सर्वोच्चता को बनाए रखने के लिए कार्यपालिका और विधायिका की तरह कोई अधिकार न्यायपालिका को संविधान ने नहीं दिए हैं। ब्रह्मा विष्णु महेश की तर्ज में सुप्रीम कोर्ट सर्वोपरि है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करना विधायिका और कार्यपालिका के लिए अनिवार्य है। नागरिकों के मौलिक अधिकार और संघीय व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने की जिम्मेदारी संविधान ने न्यायपालिका को दी है। न्यायपालिका जब भी कोई आदेश देती है] वह संविधान के प्रावधानों की समीक्षा करती है! समीक्षा करने के बाद वह निर्णय करती है। इसके पहले भी विधायिका द्वारा कई ऐसे कानून जो संविधान संवत नहीं थे। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन था। संविधान की मूल भावना के अनुरूप नहीं थे। उन्हें समय - समय पर निरस्त किया है। राम मंदिर का जो फैसला आया, वह भी सुप्रीम कोर्ट ने तथ्यों के आधार पर न देकर विशेष अधिकार का उपयोग कर यह विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो। इसको ध्यान में रखते हुए दिया है। संघीय व्यवस्थाओं का पालन नहीं करते हुए राज्यपाल मनमानी कर रहे थे । राज्य की विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे थे। राज्यपाल हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और आदेशों का पालन नहीं कर रहे थे। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को समय सीमा तय कर संविधान के अनुरूप निर्णय करने की समय -सीमा तय की है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करना राज्यपाल और राष्ट्रपति के साथ-साथ केंद्र सरकार के लिए भी आवश्यक है। भारत का राष्ट्रपति मंत्रिमंडल की सलाह पर काम करता है। राष्ट्रपति को संविधान ने कोई अलग से अधिकार नहीं दिए हैं। संविधान ने राष्ट्रपति को कुछ मामलों में ही विशेष अधिकार दिए हैं। जब केंद्र में किसी राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त न हो, सरकार बनाने के लिए राष्ट्रपति अपने विशेष अधिकारों का उपयोग करते हुए सरकार का गठन कर सकता है। उसके बाद उसे केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर ही काम करना होता है। संविधान में संविधानिक दायित्व निभाने का भार तीनों संस्थानों का है। विधायिका और कार्यपालिका के पास असीम शक्तियां हैं। न्यायपालिका के पास संविधान के अनुसार बने नियम कानून के अनुसार काम हो रहा है, या नहीं। इसकी समीक्षा कर आदेश देने की शक्तियां न्यायपालिका के पास हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। इसका मतलब यह नहीं होता है, वह जजों के मालिक बन गए हैं। उपराष्ट्रपति धनखड स्वयं वकील हैं। उपराष्ट्रपति के रूप में संवैधानिक संस्था में विराजमान है। राज्यसभा के सभापति हैं, यदि वह संविधान की गलत व्याख्या करेंगे, तो हंसी का पात्र बनेंगे। होना तो यह चाहिए था, उन्हें इस मामले में कोई बयान नहीं देना चाहिए। उन्होंने सार्वजनिक रूप से बयान देकर न्यायपालिका और अपने पद की गरिमा को घटाने का काम किया है। भारत में जिस तरीके की स्थिति देखने को मिल रही है। रोजाना नियम और कानून की धज्जियां स्वयं सरकारों द्वारा उड़ाई जा रही हैं। संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। सरकार ने न्यायपालिका को पंगु बनाकर रख दिया है। न्यायाधीशों, चुनाव आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में जिस तरीके से सरकार अवैधानिक और मनमानी नियुक्तियां कर रही हैं । संवैधानिक संस्थाएं, सरकार के दवाब में काम कर रही हैं। यदि इस समय भी न्यायपालिका चुप रह गई, तो भारत में संविधान नाम की कोई चीज नहीं होगी। जिनके पास अधिकार हैं वह अधिकार के बल पर तानाशाही करेंगे। रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है। समरथ को नहीं दोष गुसाईं, सरकार और कार्यपालिका के अधिकार हैं। जिनका वह दुरुपयोग करते हैं। न्यायपालिका अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं कर सकती है। न्यायपालिका संविधान के अनुरूप प्रत्येक मामले में अलग-अलग समीक्षा करके निर्णय करती है। उपराष्ट्रपति धनखड़ को ध्यान रखना होगा, इसी न्यायपालिका ने इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध घोषित किया था। आपातकाल में जो संशोधन किए गए थे। उन्हें असंवैधानिक मानकर न्यायपालिका ने निरस्त किया। उपराष्ट्रपति यदि न्यायपालिका के द्वारा दिए गए निर्णयों का अवलोकन करेंगे। उन्हें सैकड़ो ऐसे मामले मिलेंगे जहां न्यायपालिका ने विधायिका से पारित कानूनों को निरस्त किया है। उपराष्ट्रपति के संवैधानिक पद पर आसीन होने के बाद भी उन्होंने अपने पद की गरिमा नहीं रखी। धनखड़ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में विवादित रहे हैं।

हरे माधव दयाल की दया- अमरकंटक की पावन धरा पर अमृत वर्षा

सतगुरु दयाल जब समत्व प्रेम का अमृत पिलाते हैं, तो जाति कर्मो मजहबों वर्णों ऊंचनीच की दीवार हट जाती है-मेरे सतगुराँ हम शरण तेरी आए-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ जानती है कि कुदरत की इस अद्भुत धारा पर भारत एक ऐसा देश है जहाँ कुदरत की विशेष कृपा है, क्योंकि भारत में दयालुता कोमलता परोपकारिता के भाव अपेक्षाकृत विशालस्तर में है, जो धारा के अन्य स्थानों पर अपेक्षाकृत कम देखने को मिलते हैं,यहां ऐसे विशाल भक्त हैं, जिनका विचार रहता है कि अगर मेरा दयाल सतगुरु इक नूर की नजर कर दे तो मैं एक जिंदगी तो क्या लाखों करोड़ों जिंदगीयाँ बलिहार कर दूंगा, यहां सतगुरु जी से प्राप्त तत्व प्रसाद का चस्का जिसको मिलेगा उसका आत्मविश्वास उसे उन्नति की बुलंदी तक ले जाता है, उसके सत्कर्मों, अटल इरादों को भ्रम के तंदे से डिगा नहीं सकते, वह हर कदम पर आगे बढ़ता चला जाता है। आज हम यह विचार इसलिए प्रकट कर रहे हैं क्योंकि अमरकंटक मध्यप्रदेश की धरा पर 12-13 अप्रैल 2025 को विशाल हरे माधव सत्संग मां नर्मदे की पावन धरा, ऋषि मुनियों की तपोभूमि अमरकंटक की पावन धरा पर रखा गया था, जहां रिपोर्टिंग और दर्शन के लिए मैं स्वयंम उपस्थित था तथा सतगुरु जी की पावन हुजूरी में मैंने मां नर्मदे के तट पर आरती सत्संग के श्री वचन तथा हजारों की मात्रा में स्थानीय व मध्य प्रदेश महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश राजस्थान गुजरात सहित अनेक प्रदेशों से भक्तजनों के भावों को मैंने देखा तो मैं भाव विभोर हो उठा व इस विषय को मैंने आर्टिकल लिखने के लिए चुना। चूँकि मन की आज्ञा पर लगने वाले जीव मनमुख व गुरु की आज्ञा पर लगने वालें जीव गुरमुख हो जाते हैं व सतगुरु दयाल जब समत्व प्रेम का अमृत पिलाते हैं तो,जाति कर्मों मजहबों ऊंचनीच की दीवार हट जाती है, मेरे सतगुरु हम शरण तेरी आए, इसलिए आज हम मेरे ग्राउंड रिपोर्टिंग, सतगुरु के दर्शन व सत्संग में उपस्थित अनुभव के आधार पर चर्चा करेंगे हरे माधव दयाल की दया,अमरकंटक में अमृतवर्षा सतगुरु के उपकार साधो गणत ना गणियाँ जाए।

साथियों बात अगर हम काल की पहली चाल जीवों को भूलभुलैया में फंसाने की करें तो, पूर्ण संत सतगुरु हम मनुष्यों को हर प्रकार के वहमों भ्रमों से निकलने की सीख अपने अमृत वचन वाणियों में देते हैं। यह सारी कुदरत दयाल प्रभु परमात्मा की रचना है क़ाल भी दयाल का बनाया हुआ है, अकाल पुरुख दयाल प्रभु परमात्मा से शक्ति ऊर्जा लेकर ही वर्तण करता है। परमात्मा की मौज से रचित सृष्टि पर कॉल का पहरा है, यह शरीर पुण्य और पाप कर्मों के मिश्रण से ही बना है, यह काल समय परिवर्तन, मृत्यु, विनाश और कर्मों का फल देने वालीसत्ता का सूचक भी है, यह संसार परमात्मा का खेल है, परमार्थ का गहरा रहस्य पूर्ण संतो नहीं खोला है कि क़ाल ही द्वेत विरोध और विनाश की वह शक्ति है जो परमात्मा की मौज से संसार में कार्य कर रही है। क़ाल की पहली चाल जीव को भुलाने की है, वह ऐसा वतावरण निर्मित करता है कि जीव भूल करें या भूल जाए अथवा भरमा जाए, यह काम क्रोध लोभ मोह अहंकार विषय वासना, इंद्रिय रस भोग क़ाल के हथियार से होते हैं जिनको काटने के लिए सतगुरु दयाल हमें अमृततत्व नाम की प्रसादी देते हैं सेवा बंदगी बख्श साध संगत से जोड़ते हैं, सतगुरु नाम का सिमरन ध्यान सेवा वह संजीवनी बूटी है जिसके सामने कल के सारे हथियार विफल हो जाते हैं। मन वचन कर्म से किसी को सुख देना पुण्य है,दुख देना पाप है।पाप पुण्य के कर्म कभी नाश नहीं होते,वें लेंखे में दर्द हो जाते हैं। इन दोनों प्रकार के कर्मों के भुगतान के कारण मनुष्य चौरासी में बना रहता है,दोनों हीकर्मबंधन है। पूर्ण संत दयाल परमात्मा के भेजे उनके प्यारे पुत्र होते हैं, वें जीवों को क़ाल के बंधनों से मुक्त करने की युक्ति, मुक्ति की चाबी देकर नाम भक्त सेवा कराते हैं और समझते हैं कि सत्कर्म अकर्ता एवं निष्काम भाव से करो, यह पूर्ण सतगुरु का परम उपकार है कि, हमें सेवा, सत्संग, सिमरन ध्यान दर्शन में रामाते हैं, सो हमें चाहिए कि पूर्ण सतगुरु जी की पावन सत्संगति में रह नाम सिमरन ध्यान और सेवा में अपने चित्त को निर्मल शुद्ध करें जिससे नए कर्म न बने इसका हमें ध्यान रखना चाहिए।

साथियों बात अगर हम निमाणे व निष्काम भाव से सतगुरु घर की सेवा से हमारे कर्मों का भार हल्का होने की करें तो, सेवाएं अनेक प्रकार की होती है प्रत्येक सेवा का अपना-अपना महत्व होता है, हमें जो सेवा प्राप्त हो वह निष्काम और अकर्ता भाव से करना चाहिए, सेवा में कर्ता भाव पतन का कारण हो सकता है, इसी वास्ते संतों ने सत्संग में अमृत संदेशों वचन वाणियों द्वारा शिष्यों को सचेत करते हैं कि, सेवा सदैव निष्काम व अकर्ता भाव से करें तो, स्वास्थ्य एवं मन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है सेवाएं सभी सुखों की खान है। हरीराय सतगुरु भिन्न-भिन्न कौतुक स्वांगो,न्यारे खेलों के द्वारा, हमसे सेवा करा हमारी आत्मा को जागृत कर, अमृत के स्रोत तक पहुंचा देते हैं। पूरण सतगुरु सेवादारों को सेवा प्रदान करते समय इस बात का ख्याल रखते हैं कि, किस सेवादार के लिए कौनसी सेवा आवश्यक है, उसके कर्मों को काटने वाली सेवा उसे प्रदान करते हैं, सारी सेवाएं कर्मों के भार को कम करती एवं काटती है, पर प्रत्येक सेवादार की अपनी अवस्था व पात्रता होती है, सतगुरु जी उसकी पात्रता अवस्था गुण देख सेवाएं प्रदान करते हैं। संग़तो के हित सुखद भविष्य का विचार करते हुए सेवकों को सेवा प्रदान करते हैं, सतगुरु कृपा आदेश से मिली प्रत्येक सेवा हितकारी कल्याणकारी होती है। आज हम संसार के मायावी विकारों में फंस भटक गए हैं, मानव जीवन के असल उद्देश्य लक्ष्य को भूल गए हैं, हमारे सतगुरु न्यारे हैं सर्वोत्तम वृत्ति वाले सतपुरुख है, वें जानते हैं आज मानव संसार के नाशवंत सुखों को जीवन का सुख मानता है। सद्गुरु सच्चे पातशाह हरीराय रूप सतगुरु साईं जी को मानव की यह दशा देखी नहीं जाती, वें हर पल प्रेमी आत्मा शिष्यों को प्रभु के परम तत्व लोक में ले चलते हैं। यही प्रयास रहता है कि संगते सेवा सत्संग सिमरन ध्यान दर्शन के द्वारा पूर्ण निर्मल हो परमात्मा पथ में चलने और प्रभु परम लोक में प्रवेश की पात्रता बनाएं, इसी वास्ते सेवा सत्संग के अपार भंडार खोल दिए प्रत्येक के कर्म अपने होते हैं, या यू कहें कि भिन्न-भिन्न कर्मों का प्रारब्ध होता है, सभी को उनको कर्मों के अनुसार सेवाएं प्रदान करते हैं, कभी वे स्वयं सेवा बताते हैं, कभी अंतर प्रेरणा से संकेत प्रदान करते हैं, कभी सेवाओं के द्वारा संकेत देते हैं, जिसके जैसे कर्म जैसी योग्यता पात्रता उसके अनुसार सेवा दे निर विकार करते हैं। कर्म भार हल्के कर शूल की सजा को कांटे में परिवर्तन करते हैं, संतो को हर पल अमृत वचन वाणियों परम लीलाओं परम महिमाओं के द्वारा निर्मल करते हुए परम आनंद से भर देते हैं,उनके नारे कौतुब खेल वे अपनी मौज में खेलते हैं।

.....जहां पाकिस्तान भारत से हर रोज़ हारता है!

भारत -पाकिस्तान की बीच अमृतसर से लाहौर जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर अटारी-बाघा बॉर्डर दोनों देशों के लिए अपनी अपनी राष्ट्रभक्ति प्रदर्शित करने और प्रत्येक दिन कम से कम एक बार दोनों देशों के सैनिकों द्वारा हाथ मिलाने से मधुरता का न सही एक पड़ोसी देश के साथ औपचारिक रिश्ता जरूर बना हुआ है। भारत मे पाकिस्तान की सीमा को अटारी गांव जोड़ता है,तो पाकिस्तान का बाघा गांव भारत की सीमा से सटा हुआ है।अमृतसर से करीब 30 किलोमीटर दूर अटारी-बाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन दोनों देशों द्वारा सन 1959 में शुरू हुआ था,जो आज तक बदस्तूर जारी है।राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यह समारोह देश और दुनिया में काफी प्रसिद्ध है।अटारी-बाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन सर्दियों में शाम चार बजे और गर्मियों में शाम 5.15 बजे शुरू होता है। यहां प्रवेश करने का समय 3 बजे शुरू होता है और सीट पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर मिलती है। अटारी-बाघा बॉर्डर पर होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह में भारत की सीमा सुरक्षा बल के जवान और पाकिस्तानी रेंजर्स फोर्स एक साथ मिलकर अपनी अपनी सीमाओं में शानदार परेड व शौर्य का प्रदर्शन करते हैं। जिसे देखने के लिए हर रोज हजारों की संख्या में पर्यटक व नागरिक भाग लेते हैं।भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित अटारी-वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान की सीमा के बीच स्थित एक सीमा क्रॉसिंग है। जमीन मार्ग से यहीं से एक दूसरे देश मे आया व जाया जा सकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अटारी- वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के बीच एक सीमा रेखा बनी हुई है। जिसे रेडक्लिफ रेखा के नाम से जाना जाता है।इस रेखा का नाम ब्रिटिश वकील सर सिरिल रेडक्लिफ के नाम पर रखा गया है, जो देश बंटवारे के समय सीमांकन करने के लिए जिम्मेदार रहा। इस आयोजन के तहत सीमा द्वार बंद करने की सैन्य परंपरा हैं, लेकिन यह एक बेहद कोरियोग्राफ़्ड और लोकप्रिय सार्वजनिक सैन्य प्रदर्शन बन गया है, जो पर्यटकों और स्थानीय लोगों को आकर्षित करता है। वाघा बॉर्डर समारोह ऐतिहासिक संघर्षों और राजनीतिक तनावों के बीच भी भारत और पाकिस्तान के बीच शांति और सहयोग की स्थायी उम्मीद का प्रतीक बना हुआ है। यह भारत के अमृतसर व पाकिस्तान के लाहौर आने वाले आगंतुकों के लिए सांस्कृतिक अनुभव का हिस्सा बन गया है सन1959 से दोनों देश यहां रोजाना झंडा उतारने की रस्म निभाते आ रहे हैं। अगस्त 2017 में भारत ने वाघा बॉर्डर के भारतीय हिस्से अटारी में 110 मीटर ऊंचा झंडा फहराया था। जवाब में पाकिस्तान ने अपनी तरफ 122 मीटर ऊंचा झंडा फहराया। भारत की तरफ वाला झंडा फहराने वाला झंडा देश में सबसे ऊंचा है, जबकि पाकिस्तान की तरफ वाला झंडा दक्षिण एशिया में सबसे ऊंचा माना जाता है।सन 1947 में देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद से ही यह बॉर्डर दोनों देशों के बीच सड़क संपर्क के रूप में काम कर रहा है। यह समारोह 30 मिनट की एक ड्रिल है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज को नीचे करना और सूर्योदय तक दोनों देशों के बीच सीमा को औपचारिक रूप से बंद करना है। इसकी शुरुआत सीमा के दोनों ओर के सैनिकों द्वारा की जाने वाली एक विस्तृत परेड से होती है। फिर, सीमा पर लोहे के गेटों को खोलना और दोनों तरफ के राष्ट्रीय झंडों को पूरी तरह से समन्वित आंदोलनों में नीचे करना होता है। झंडों को मोड़ने के बाद, दोनों पक्षों के सैनिक हाथ मिलाते हैं और लोहे के गेट बंद हो जाते हैं, जो समारोह के समापन का संकेत भी है।लेकिन भारत-पाकिस्तान के बीच इस रिट्रीट को देखकर ही सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत हर दृष्टि से पाकिस्तान पर भारी है और रहेगा।रिट्रीट के समय भी भारत की तरफ के दर्शकों की संख्या पाकिस्तान के दर्शकों से कम से कम दस गुणा अधिक होती है

अहंकार से ज्ञान का नाश

अहंकार से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। अहंकार से ज्ञान का नाश हो जाता है। अहंकार होने से मनुष्य के सब काम बिगड़ जाते हैं। भगवान कण-कण में व्याप्त है। जहाँ उसे प्रेम से पुकारो वहीं प्रकट हो जाते हैं। भगवान को पाने का उपाय केवल प्रेम ही है। भगवान किसी को सुख-दुख नहीं देता। जो जीव जैसा कर्म करेगा, वैसा उसे फल मिलता है। मनुष्य को हमेशा शुभ कार्य करते रहना चाहिए।

कभी किसी को नहीं सताओ ~ धर्मशास्त्र के श्रवण, अध्ययन एवं मनन करने से मानव मात्र के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भावना एवं मर्यादा का उदय होता है। हमारे धर्मग्रंथों में जीवमात्र के प्रति दुर्विचारों को पाप कहा है और जो दूसरे का हित करता है, वही सबसे बड़ा धर्म है। हमें कभी किसी को नहीं सताना चाहिए। और सर्व सुख के लिए कार्य करते रहना चाहिए।

गुप्तदान महादान ~ मनुष्य को दान देने के लिए प्रचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि दान में जो भी वस्तु दी जाए, उसको गुप्त रूप से देना चाहिए। हर मनुष्य को भक्त प्रहलाद जैसी भक्ति करना चाहिए। जीवन में किसी से कुछ भी माँगो तो छोटा बनकर ही माँगो। जब तक मनुष्य जीवन में शुभ कर्म नहीं करेगा, भगवान का स्मरण नहीं करेगा, तब तक उसे सद्बुद्धि नहीं मिलेगी।

मृत्यु से कोई नहीं बच पाया ~ धन, मित्र, स्त्रि तथा पृथ्वी के समस्त भोग आदि तो बार-बार मिलते हैं, किन्तु मनुष्य शरीर बार-बार जीव को नहीं मिलता। अतः मनुष्य को कुछ न कुछ सत्कर्म करते रहना चाहिए। मनुष्य वही है, जिसमें विवेक, संयम, दान-शीलता, शील, दया और धर्म में प्रीति हो। संसार में सर्वमान्य यदि कोई है तो वह है मृत्यु। दुनिया में जो जन्मा है, वह एक न एक दिन अवश्य मरेगा।

आज का राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके1947, सौम्य गोल्द, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरुउदय पूर्वेस्त्रोदय पूर्वतिथि षष्ठी, शनिवासरे मूल नक्षत्रे, शिशिर योगे, वणिजकरणे, धनु की चंद्रमा, भद्रा 20/2 मूल समाप्त प्रातः 6/23 रवि योग 1/40 सांय कृष्णानुज 53/58 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, आत्मवृत्ति वाला, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, पंडित, विद्वान, ज्योतिषी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता तथा धनी होगा।

मेष राशि ~ कुटुम्ब की चिन्तायें मन व्यग्र रखें, किसी के कष्ट के कारण हानि अवश्य ही होगी।

वृष राशि ~ भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े हुये कार्य अवश्य ही बनेंगे, ध्यान दें।

मिथुन राशि ~ इष्ट-मित्रों से तनाव, क्लेश व अशांति, कार्य-व्यवसाय में बाधा होगी।

कर्क राशि ~ दैनिक कार्यगति अनुकूल, परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तथा फल कम मिलेगा।

सिंह राशि ~ योजनायें पूर्ण होंगी, सुख के साधन बनें, तनाव, क्लेश, अशांति से बचें।

कन्या राशि ~ बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप एवं समस्यायें सुधरें, सुख के कार्य अवश्य होंगे।

तुला राशि ~ साधन-सम्पन्नता के योग बनें तथा कुटुम्ब में क्लेश, हानि अवश्य होगी।

वृश्चिक राशि ~ असमंजस बना रहे, प्रभुत्व वृद्धि तथा कार्यगति अनुकूल अवश्य होगी।

धनु राशि ~ असमर्थता का वातावरण क्लेश युक्त रखे, अवरोध, विवाद से बचकर चलें।

मकर राशि ~ धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा बिगड़े कार्य बन जायेंगे।

कुंभ राशि ~ इष्ट-मित्र सुख वर्धक होंगे, बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप अवश्य होगा।

मीन राशि ~ मनोवृत्ति संवेदनशील हो, धन और शक्ति नष्ट हो, मानसिक व्यग्रता बनेगी।

गोबर, गुस्सा और विश्वविद्यालय की गिरती गरिमा

गोबर का जवाबः जब शिक्षा की दीवारों पर गुस्सा पुता हो।

दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा क्लासरूम और प्रिंसिपल के घर पर गोबर लिपने की घटना केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि एक गहरी असंतोष की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी। इस विरोध ने सत्ता और शिक्षा व्यवस्था के पाखंड को उजागर किया — जहां एक ओर गोबर को सांस्कृतिक प्रतीक माना जाता है, वहीं जब छात्र उसी प्रतीक का इस्तेमाल विरोध में करते हैं, तो उसे च्असभ्यज् करार दिया जाता है। विश्वविद्यालय अब संवाद के नहीं, सत्ता के मंच बनते जा रहे हैं, जहां छात्रों की असहमति को दबाया जाता है। इस असामान्य विरोध ने न केवल व्यवस्था की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े किए, बल्कि यह भी बताया कि प्रतीकों के ज़रिए भी तीखा प्रतिरोध संभव है। जब असहमति की जगह छिन जाती है, तो गुस्सा प्रतीकों के ज़रिए बोलता है — और कभी-कभी गोबर से भी।दिल्ली विश्वविद्यालय, जिसे भारत के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में गिना जाता है, हाल ही में एक अजीबोगरीब और प्रतीकात्मक विरोध का केंद्र बना। कुछ छात्रों ने क्लासरूम की दीवारों पर गोबर लिपा और प्रिंसिपल के घर के बाहर भी गोबर फेंक दिया। यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, न ही कोई ग्रामीण उत्सव — यह था एक गुस्से से भरा राजनीतिक वक्तव्य। यह घटना न केवल ध्यान खींचती है, बल्कि कई गहरे और असहज सवाल भी खड़े करती हैः क्या विश्वविद्यालय अब सिर्फ सत्ता का विस्तार बन चुके हैं? क्या छात्र आंदोलन केवल च्विचारोंज् से नहीं, अब च्गंधज् से भी संवाद करने लगे हैं?

घटना के पीछे की कथा

यह विरोध दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस स्थित एक कॉलेज में हुआ, जहां छात्रों ने गोबर लिपकर क्लासरूम को च्पवित्रज् करने की कोशिश की। दरअसल, यह पवित्रता का तंज था — एक ऐसे सिस्टम पर, जिसे छात्र च्अपवित्रज् मानते हैं। कहा गया कि यह विरोध जातिगत भेदभाव, एक दलित प्रोफेसर के साथ अन्याय, और प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ था। छात्रों ने न सिर्फ कक्षाओं को गोबर से लिपा, बल्कि प्रिंसिपल के घर तक जाकर वहां भी प्रदर्शन किया।

गोबरः विरोध का प्रतीक या व्यंग्य?

भारत में गोबर का उपयोग सदियों से पवित्रता, शुद्धता और स्वदेशी जीवनशैली के प्रतीक के रूप में होता आया है। लेकिन इस मामले में इसका प्रयोग गहराई से व्यंग्यात्मक था। यह एक ऐसा प्रतीक था जो न केवल सत्ता की पवित्रता को उलट देता है, बल्कि यह दिखाता है कि छात्र अब विरोध के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर, सत्ता की भाषा को उसके ही प्रतीकों से जवाब दे रहे हैं।यह विरोध दरअसल उस छद्म सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर चोट करता है जो गाय, गोबर और गंगाजल को पवित्र मानता है, लेकिन दलित, आदिवासी, और वंचित समुदायों की पीड़ा को अपवित्र विषय मानता है।

विश्वविद्यालयः ज्ञान का केंद्र या सत्ता की चौकी?

भारतीय विश्वविद्यालय धीरे-धीरे उस विचारभूमि से हटते जा रहे हैं जहां असहमति को प्रोत्साहन मिलता था। आज यदि कोई छात्र या प्रोफेसर सत्ता के खिलाफ बोलता है, तो उसे राष्ट्रविरोधी, गद्दार, या विकास-विरोधी कहा जाने लगता है। कैंपस अब लोकतांत्रिक संवाद के केंद्र नहीं, बल्कि अनुशासन और डर के घेरे बनते जा रहे हैं।

छात्रों के इस कदम को केवल च्असभ्यताज् कहकर खारिज करना आसान है, लेकिन यह भूलना नहीं चाहिए कि यह घटना उस निराशा और हताशा की उपज है जो वर्षों से भीतर ही भीतर सुलग रही है। जब संवाद के सारे रास्ते बंद कर दिए जाते हैं, तो प्रतीकात्मक और चौंकाने वाले कदम ही एकमात्र विकल्प बनते हैं।

यह विरोध च्हिंसकज् नहीं था, लेकिन च्सुगंधितज् भी नहीं था

निश्चित रूप से, गोबर से दीवारें लिपना किसी भी संस्थान के लिए एक अनुशासनहीन हरकत मानी जाएगी। लेकिन यह भी सोचना होगा कि जब छात्र अपनी बात कहने के लिए इतना असामान्य तरीका अपनाते हैं, तो समस्या केवल छात्रों में नहीं, व्यवस्था में भी है। वे किस हद तक खुद को असहाय और अनसुना समझते हैं, यह इस घटना से ज़ाहिर होता है।

यह विरोध न तो हिंसक था, न ही शारीरिक नुकसान पहुँचाने वाला। लेकिन यह मानसिक और सांस्कृतिक असहजता पैदा करने वाला जरूर था। शायद यही इसका उद्देश्य भी था — लोगों को हिलाकर रख देना, ध्यान खींचना, और एक झटके में सत्ता की नकली गरिमा को धूल-गोबर में मिला देना।

प्रिंसिपल का घरः एक नया च्प्रदर्शन स्थलज

छात्रों का प्रदर्शन प्रिंसिपल के निजी घर तक पहुँचना न केवल प्रतीकात्मक था, बल्कि यह दर्शाता है कि छात्रों को अब संस्थागत दायरे में न्याय की उम्मीद नहीं रही। जब कॉलेज के भीतर के मंच निष्क्रिय हो जाते हैं, तो विरोध निजी दायरे तक पहुँच जाता है। यह खतरनाक संकेत है — न केवल शिक्षा व्यवस्था के लिए, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी।

मीडिया का व्यवहारः गोबर दिखाओ, गंभीरता नहीं

मीडिया ने इस घटना को सनसनीखेज ढंग से दिखाया — च्छात्रों ने लिपा गोबर!ज्ज्, च्गाय के नाम पर राजनीति फिर से!ज्ज् — लेकिन दुर्भाग्यवश किसी ने यह नहीं पूछा कि छात्र ऐसा क्यों कर रहे हैं? किस घटना ने उन्हें इस हद तक पहुंचाया? किसने संवाद के रास्ते बंद किए? मीडिया अक्सर लक्षणों पर बहस करता है, लेकिन बीमारी की जड़ तक नहीं जाता।

सत्ता का दोहरापन

सत्ता जब गाय और गोबर को संस्कृति का हिस्सा मानकर उन्हें नीतियों में शामिल करती है — जैसे गोबर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देना, पंचगव्य को चिकित्सा बताना — तब वह च्धर्म-सम्मतज् होता है। लेकिन जब यही प्रतीक छात्रों के विरोध में आते हैं, तो वे अश्लील और असभ्य बन जाते हैं। यही सत्ता का दोहरापन है।

फिल्म वर्ग पहेली- 6817

1		2	■	3	■	4	5		6
	■	7				■		■	
8	9		■		■	10		11	
■		■	12		13		■		■
14	■	15		■		■	16		
17		■	18		■	19			■
	■	20		■	21			■	22
■	23		■	24			■	25	
26			27	■		■	28	■	
■		■	29		■	30			

बायें से दायें:-

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरूख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत नें दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'ऑखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6816

बा	रू	द	■	र	■	का	ला	पा	नी
बु	■	श	व	ण	श	ज	■	प	■
ल	की	र	■	भू	■	ल	क्ष्य	■	ह
■	म	■	दा	मि	नी	■	■	खे	ल
जी	त	■	मा	■	य	ती	म	■	च
वा	■	कु	द	र	त	■	हा	सि	ल
■	मि	ली	■	ज	■	जी	न	त	■
जीं	स	■	सु	नी	ल	■	■	म	न
■	मे	ला	■	गं	■	■	जा	■	सी
नू	री	■	अं	धा	का	नू	न	■	ब

Jagrutidaur.com, Bangalore

रुस ने खोए लाखों सैनिक, अब सेना में भर्ती करने युवाओं को भेज रहा समन

-कुछ युवा हाईपरटेंशन और डायबटीज जैसी बीमारियों से ग्रसित, छिपने को हैं मजबूर

मॉस्को। यूक्रेन से युद्ध के चलते रूस में सैन्य हलचल है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश पर 1 अप्रैलसे देशभर में एक 'महा सैन्य भर्ती अभियान' चलाया जा रहा है, जिसमें 18 से 30 साल के करीब 1.6 लाख युवाओं को सेना में भर्ती किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि सेना में भर्ती के लिए कुछ हाईपरटेंशन और डायबटीज जैसी बीमारियों से ग्रसित हैं।

यह भर्ती अभियान 2011 के बाद की सबसे बड़ी कंसक्रिप्शन ड्राइव मानी जा रही है। इस अभियान के जरिए रूस की सैन्य ताकत को 25 लाख सैनिकों तक पहुंचाना है। पुतिन ने पिछले साल एक आदेश में इसका ज़िक्र किया था और अब यह योजना जमीन पर उतारी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार की भर्ती पहले से कहीं ज्यादा और आक्रामक तरीके से की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को के पास रहने वाले 21 साल के युवक का कहना है कि वह हाईपरटेंशन बीमारी से पीड़ित है, इसके बावजूद सेना में भर्ती के लिए उसे समन भेजा गया है। वह इन दिनों छिपकर रहने को मजबूर है और उम्मीद कर रहा है कि मेडिकल छूट के लिए आवेदन कर सकें, क्योंकि सरकार से उसे राहत नहीं मिल रही।

रिपोर्ट में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के मुताबिक पहले युवाओं को किसी न किसी आधार पर भर्ती से छूट मिल जाती थी, लेकिन इस बार 18 से 30 साल तक की उम्र सीमा तय कर दी गई है। पहले यह सीमा 27 साल थी। एक संगठन के प्रवक्ता का कहना है कि अब समन किसी को भी मिल सकता है और इससे बचने का रास्ता तकरीबन बंद हो गया है। भले ही रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि ये सैनिक यूक्रेन नहीं भेजे जाएंगे, लेकिन जानकारों का मानना है कि ये कदम यूक्रेन युद्ध को लंबा खींचने की तैयारी है। अनुमान के मुताबिक रूस ने पिछले तीन साल में यूक्रेन से जंग में लाखों सैनिकों को खो दिया है।

पाकिस्तानी सेना ने चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया

कराची। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान में चार आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सेना की मीडिया शाखा ने इसकी जानकारी दी।

सेना की ओर बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी पर डेरा इस्माइल खान जिले के मद्दी में एक अभियान चलाया। अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकियों के ठिकाने का पता लगाकर चार आतंकवादियों को मार गिराया। इस भीषण गोलीबारी के दौरान एक सैनिक भी मारा गया।

हूती विद्रोहियों पर अमेरिकी हमला, 38 लोगों की मौत हुई

गाजा। यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले रास ईसा तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमलों में 38 लोगों की मौत हुई है और 100 अन्य लोग घायल हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने इसकी जानकारी दी।अमेरिकी सेना की 'सेंट्रल कमांड' ने भी हमलों की पुष्टि कर दी है। यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन द्वारा 15 मार्च से हूती विद्रोहियों के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के दौरान मारे गए लोगों की सर्वाधिक संख्या है।

हूती विद्रोहियों ने बताया कि बंदरगाह पर अमेरिका के हमलों में 38 लोग मारे गए और 100 लोग घायल हूए है। हूती विद्रोहियों ने हमले के बाद की स्थिति का ग्राफिक फुटेज जारी किया, जिसमें घटनास्थल पर लाशें बिखरी नजर आ रही हैं।

रूस ने तालिबान को आतंकी सूची से हटाया, दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण संबंध होंगे मजबूत

मास्को। रूस ने भी तालिबान को आतंकी संगठन की सूची से हटाया दिया है और उस पर लगे प्रतिबंध भी हटा लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस कदम से अफगानिस्तान के वास्तविक शासकों के प्रति मास्को के कूटनीतिक रुख में एक अहम बदलाव का संकेत मिलता है। रूस की सर्वोच्च अदालत ने तालिबान को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने से हटा दिया जो कि अफ़गानिस्तान के शासकों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने के उद्देश्य से एक प्रतीकात्मक इशारा है। तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना के हटने के बाद अफगानिस्तान में सत्ता पर काबिज हो गया था।

नेपल्स के पास केबल कार दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत, एक गंभीर रुप से घायल

रोम। दक्षिणी इटली में नेपल्स के पास एक केबल कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपल्स की खाड़ी के किनारे स्थित कास्टेलामारे डी स्टेबिया शहर से पर्यटकों को करीब 3 किलोमीटर दूर मोंटे फेतो ले जाने वाली लाइन का केबल टूट गया। रिपोर्ट में अग्निशमन विभाग ने कहा कि चार शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक घायल को बचाकर अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना में मारे गए लोगों में एक इजराइली महिला भी है, जबकि एक अन्य इजराइली पर्यटक गंभीर रूप से घायल है।

टैरिफ की जंग खत्म होने के आसार: चीन और अमेरिका के बीच होगी बात?

वॉशिंगटन। चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ की जंग खत्म होने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वार खत्म हो सकता है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया जब इस सप्ताह चीन से आयात पर टैरिफ 245 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया था। ट्रंप ने कहा कि वह टैरिफ में और वृद्धि नहीं चाहते, क्योंकि इससे उपभोक्ता खरीदारी बंद कर सकते हैं। उन्होंने टिकटॉक के भविष्य पर भी समझौते की संभावना जताई।

वाइट हाउस में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, कि मैं नहीं चाहता कि टैरिफ और बढ़े, या मैं उस स्तर तक भी नहीं जाना चाहता। मैं कम टैरिफ रखना चाहता हूं क्योंकि आप चाहते हैं कि लोग खरीदें, और एक निश्चित बिंदु पर लोग खरीदना बंद कर देंगे। क्योंकि एक स्तर के बाद लोग खरीदना बंद कर देंगे। मैं कम टैरिफ चाहता हूं ताकि लोग खरीदारी जारी रखें। ट्रंप ने अपने बयान से यह भी संकेत दिया कि वह अन्य देशों पर हाई टैरिफ लगाने में कम रुचि रखते हैं। 2 अप्रैल को उन्होंने भारत समेत दुनिया के लगभग हर देश पर रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की थी, जिससे वैश्विक शेयर बाजार गिर गए थे।

हालांकि, कुछ दिनों के भीतर ही उन्होंने टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोक दिया और अमेरिका में आयात होने वाली ज्यादातर चीजों पर 10 परसेंट का आधार टैरिफ लगाया। हालांकि चीन ने अमेरिका पर भी पलटवार करते हुए टैरिफ लगाया। इस ट्रेड वार का नतीजा ये हुआ कि अमेरिका ने 245 परसेंट तक टैरिफ बढ़ा दिया है।

वाइट हाउस की फैक्ट शीट के अनुसार, 75 से ज्यादा देशों ने नए व्यापार समझौतों पर चर्चा शुरू की है। इसी कारण हर देश पर लगने वाले अलग-अलग टैरिफ बातचीत के कारण रुके हुए हैं, सिवाय चीन के, जो अपने प्रतिशोधी कदमों के कारण 245 प्रतिशत टैरिफ का सामना कर रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह वाशिंगटन के साथ टकराव नहीं चाहता, लेकिन चुप भी नहीं रहेगा।

अब जेलेंस्की के सामने नई मुसीबत- चीन रूस को दे रहा आधुनिक हथियार?

मास्को। रूस और यूक्रेन युद्ध तीन साल से चल रहा है। इस बीच इस युद्ध में चीन का एंगल भी सामने आ रहा है। सवाल है कि क्या रूस और चीन मिलकर यूक्रेन को तबाह करने की साजिश रच रहे हैं? यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने चीन पर गंभीर आरोप लगाया है कि वह रूस को हथियार सप्लाई कर रहा है। कीव में जेलेंस्की ने दुनिया को चौंकाते हुए कहा, हमारी खुफिया जानकारी पक्की है कि चीन रूस को बारूद और तोपखाने दे रहा है। उन्होंने अगले हफ्ते और सबूत पेश करने का वादा किया। यह पहली बार है जब यूक्रेन ने साफ कहा कि बीजिंग रूस को हथियार देकर युद्ध में मदद कर रहा है। इससे पहले डोनेट्स्क में यूक्रेन ने रूसी सेना के साथ लड़ रहे दो चीनी नागरिकों, वांग गुआंगजुन और झांग रेनबो को पकड़ा।

यह दावा तब आया जब यूक्रेनी सैनिकों ने रूसी सेना के साथ लड़ रहे चीनी नागरिकों को पकड़ा। इन चीनी सैनिकों ने बताया कि उन्हें पैसों का लालच देकर रूस भेजा गया, लेकिन वहां धोखा मिला। जेलेंस्की ने चेतावनी दी कि रूस 20 अप्रैल के ऑर्थोडॉक्स ईस्टर के आसपास बिजली इन्फ्रास्ट्रक्चर पर नए हमले कर सकता है। भारत में रूस के दूतावास ने यूक्रेन में भारतीय कंपनी के गोदाम पर मिसाइल गिरने के मामले में सफाई दी है। आइए देखें रूस-यूक्रेन युद्ध में नया क्या है?

जेलेंस्की ने गुरुवार को चेतावनी दी कि 20 अप्रैल से पहले और बाद में यूक्रेन के बिजली ढांचे पर बड़े हमले कर सकता है। खुफिया जानकारी के आधार पर उन्होंने कहा, रूस कुछ खतरनाक प्लान कर रहा है। मार्च में रूस ने अमेरिका के साथ 30 दिन के लिए बिजली ढांचे पर हमले रोकने का वादा किया था, लेकिन यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हियोर्ही तिखी ने बताया कि रूस ने 30 से ज्यादा बार इस समझौते को तोड़ा। 2024 में रूस ने 13 बड़े ड्रोन और मिसाइल हमले किए, जिससे यूक्रेन को आपातकालीन ब्लैकआउट लागू करने पड़े। गुरुवार को भारत में रूसी दूतावास ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, रूस ने कभी भी नागरिक सुविधाओं को निशाना नहीं बनाया। इसके उलट, यूक्रेन अक्सर नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करता है।

आखिरकार घुटने के बल आया हमास बोला- गाजा में युद्ध रोक दो, सभी बंधकों को छोड़ देंगे

गाजा। हमास ने कहा है कि वह इजरायली सेना की पूर्ण वापसी और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले सभी इजरायली बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है। यह बयान हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हय्या ने एक टेलीविजन भाषण में दिया। इसका मतलब है कि इस प्रस्ताव को गाजा में डेढ़ साल से अधिक समय से चल रहे संघर्ष को खत्म करने की दिशा में एक संभावित कदम के रूप में देखा जा रहा है। वजह ये है कि इजरायल की ताबड़तोड़ कार्रवाई से हमास के हौंसले पस्त हुए हैं। फिलिस्तीन के इस कट्टरपंथी संगठन ने एक महत्वपूर्ण घोषणा में कहा है कि वह गाजा में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के वास्ते सभी बंधकों को छोड़ने के लिए तैयार है।

हमास ने यह भी कहा कि कोई भी समझौता स्थायी युद्धविराम, इजरायली सेना की पूर्ण वापसी और गाजा के पुनर्निर्माण की गारंटी पर आधारित होना चाहिए। एक वरिष्ठ फिलिस्तीनी अधिकारी ने कहा, इजरायल का नवीनतम प्रस्ताव युद्ध को पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा नहीं करता और केवल बंधकों को प्राप्त करना चाहता है। हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हय्या ने कहा, हम एक व्यापक समझौते के लिए तैयार हैं, जिसमें सभी इजरायली बंधकों की रिहाई, इजरायल में कैद फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई, गाजा युद्ध का अंत और क्षेत्र के पुनर्निर्माण की शुरुआत शामिल हो। हालांकि, हमास ने स्पष्ट किया कि वह इजरायल की उस मांग को स्वीकार नहीं करेगा जिसमें उसे अपने हथियार डालने होंगे। अल-हय्या ने इजरायल के 45 दिन के अस्थायी युद्धविराम प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया, जिसमें हमास के हथियार डालने की शर्त शामिल थी।इधर, इजरायली सेना ने गाजा पर अपने हमले तेज कर दिए हैं। गुरुवार को हुए हवाई हमलों में गाजा स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कम से कम 32 फिलिस्तीनियों की मौत हुई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। जबालिया में संयुक्त राष्ट्र संचालित एक स्कूल पर हमले में छह लोगों की जान गई।

इजराइल ने दावा किया कि वहां एक हमास कमांड सेंटर था। हमास ने जानकारी दी कि इजरायली-अमेरिकी सैनिक एडन अलेक्जेंडर को बंधक बनाकर रखने वाले लड़ाकों से उनका संपर्क टूट गया है।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को दिखाई आंखें, कहा- 4.3 बिलियन डॉलर देकर माफी मांगे

ढाका। हाल में खबरें आ रहीं थीं पाकिस्तान और बांग्लादेश में काफी नजदीकियां बढ़ रहीं हैं, लेकिन अब सब कुछ उल्टा दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान से स्पष्ट कहा कि 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए अत्याचारों के लिए माफी मांगे और 4.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करे। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के साथ हुई ऐतिहासिक बातचीत में कई अनसुलझे मुद्दे उठाए, इनमें 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा किए गए अत्याचारों को लेकर सार्वजनिक माफी और पाकिस्तान से लंबित वित्तीय मामलों को उठाया है।दोनों देशों के बीच में 15 सालों में पहली बार हुई सेक्रेटरी स्तर की मीटिंग में बांग्लादेश ने इस्लामाबाद से पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए कृत्यों के बदले माफी और इसके अलावा संयुक्त संपत्ति से अपने हिस्से के रूप में 4.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने की मांग की है। बांग्लादेश के विदेश सचिव एम जीशाम उद्दीन ने अपनी पाकिस्तानी समकक्ष आमना बलूच के साथ हुई बैठक की जानकारी मीडिया के सामने रखी। जीशाम ने कहा, कुछ ऐतिहासिक रूप से अनसुलझे मुद्दों को उठाया है। इसमें फंसे हुए पाकिस्तानियों की स्वदेश वापसी, अविभाजित देश के रूप में देश के बंटवारे के साथ संपत्ति का वितरण, 1970 के चक्रवात के पीड़ितों के लिए भेजी गई विदेशी सहायता राशि हस्तांतरण और 1971 में तत्कालीन पाकिस्तानी सेना द्वारा नरसंहार के लिए औपचारिक माफी शामिल है।

घर-घर में सीमेंट से बनेगी बिजली

बीजिंग। चीन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी सीमेंट बनाई है। सीमेंट के प्लास्टर के माध्यम बिजली का उत्पादन संभव होगा।चीन के वैज्ञानिकों ने इस सीमेंट को बायो इंस्पायर्ड थर्मोइलेक्ट्रिक सीमेंट का नाम दिया है। यह सीमेंट दीवारों और फर्श को मजबूत बनाएगी। इसके साथ ही बिजली का उत्पादन भी करेगी। इस सीमेंट में पालीविनाइल एल्कोहल की परतों से जोड़ा गया है। चीनी वैज्ञानिकों ने इस सीमेंट का तकनीकी नाम सीमेंट पॉलिविनाइल एल्कोहल कंपोजिट (सीपीसी) युक्त है। जो बिजली का उत्पादन करने में सक्षम है। इसमें बिजली को स्टोर करने की क्षमता भी है।

यह सीमेंट पर्यावरण के लिए वरदान साबित होगी। इस सीमेंट के व्यापारिक उत्पादन होने के बाद ऊर्जा के क्षेत्र में इस नई क्रांति के रूप में देखा जा रहा है। थर्मोइलेक्ट्रिक सीमेंट एक एसी सीमेंट होगी, जो तापमान के अनुसार बिजली बनाने का काम करेगी। दीवारें,सड़कों,बान्ध और जहां पर भी इस सीमेंट का इस्तेमाल होगा।

इंस्तांबुल एयरपोर्ट पर 1700 की बीयर और 565 रुपए में मिलता है एक केला

इंस्तांबुल। तुर्किए का इंस्तांबुल हवाई अड्डा ऐसी ही एक जगह के रूप में विख्यात है, जहां पर खाने-पीने की चीजों के मूल्य लोगों को हैरत में डाल देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक यात्री ने दावा किया कि इंस्तांबुल एयरपोर्ट खाने पीने की बुनियादी चीजों को भी प्रीमियम कीमतों पर बेचता है। यह कई बार इतना महंगा होता है कि एक साधारण आदमी के लिए इसे खरीदना तक बहुत मुश्किल होता है। कीमतों के बारे में लिखा गया कि यहां पर एक बीयर की बोतल करीब 15 पौंड या करीब 1700 रुपए में मिल रही हैं, वहीं एक केला करीब 565 रुपए का बेचा जा रहा है।

इस एयरपोर्ट पर हर दिन करीब 2 लाख से ज्यादा लोग आते और जाते हैं ऐसे में इन सभी यात्रियों के लिए इतनी ज्यादा कीमत रखना एक प्रकार से उनका अपमान करने और लूटने जैसा है। इंस्तांबुल एयरपोर्ट पर आसमान छूती कीमतों को लेकर इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने भी एक रिपोर्ट की थी। इसके मुताबिक यह एयरपोर्ट खाने-पीने के मामले में यूरोप का सबसे महंगा एयरपोर्ट है। रिपोर्ट में एक एक इतावली लेखक का संस्मरण भी लिखा हुआ था, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें करीब 2300 रुपए में 90 ग्राम लसग्ना दिया गया था। उन्होंने बताया, कि यह एक ईंट के टुकड़े जैसा दिखता है, जिसमें पनीर और पत्तों जैसा कुछ छिड़का हुआ होता है। ऊंची कीमत के बावजूद भी यहां की भोजन की क्वालिटी कीमत से मेल नहीं खाती है।

मेलोनी मुझे बहुत पसंद उनकी प्रतिभा का मैं कायल: ट्रंप

टैरिफ लगाए जाने के बाद इटली की पीएम ने की ट्रंप से मुलाकात

वाशिंगटन। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी अमेरिकी दौरे पर हैं। उन्होंने यहां व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। टैरिफ लगाए जाने के बाद मेलोनी पहली ऐसी नेता हैं, जिन्होंने अमेरिका पहुंचकर ट्रंप से मुलाकात की।

इस बीच ट्रंप ने मेलोनी की दिल खोलकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि वह मेलोनी को बहुत पसंद करता हैं। उन्हें लगता है कि वह एक बेहतरीन पीएम है और इटली में अच्छा काम कर रही हैं उनकी प्रतिभा में कायल हूं। ट्रंप ने कहा कि मेलोनी में गजब की प्रतिभा है। वह दुनिया के बेहतरीन नेताओं में से एक हैं, उनका करिश्माई व्यक्तित्व है और उनके जैसा कोई नहीं है। हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और दोनों देश एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने मेलोनी की महान पीएम बताते हुए कहा है कि उन्होंने पूरे यूरोप में हलचल मचा रखी है। मैं उनको शुरुआती दिनों से जानता हूं कि उनके पास अद्भुत प्रतिभा है। व्हाइट हाउस में मेलोनी और ट्रंप के बीच व्यापार, टैरिफ से लेकर इमिग्रेशन और पर भी चर्चा हुई।

ट्रंप ने कहा कि वह कारोबारी सौदे जल्दबाजी में नहीं करना चाहते। टैरिफ से अमेरिका को बहुत फायदा हो रहा है। हालांकि इस दौरान ट्रंप ने यूरोपीय संघ के साथ समझौते के संकेत भी दिए हैं। इस दौरान मेलोनी ने बताया की इटली की कंपनियां अमेरिका में 10 अरब यूरोप का निवेश करेंगी और इटली, अमेरिका से एनर्जी का इंपोर्ट बढ़ाएगा। बता दें कि मेलोनी यूरोप की एकमात्र नेता थी, जिन्हें 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। मेलोनी और ट्रंप की कई मामलों पर एक जैसी राय है। इमिग्रेशन से लेकर तस्करी तक से निपटने को लेकर दोनों एक जैसा सोचते हैं।

टैरिफ से होगी इतनी कमाई, इनकम टैक्स हटा दूंगा

ट्रंप ने एक इंटरव्यू में दिए संकेत

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ टूल ने दुनियाभर के बाजारों में हलचल मचा रखी है। एक ओर वह टैरिफ को लेकर जापान सहित कई देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं। वहीं चीन टैरिफ को लेकर अमेरिका से दो-दो हाथ करने को तैयार है। इस बीच ट्रंप ने इनकम टैक्स हटाने के संकेत दिए हैं।

ट्रंप ने कहा है कि उनकी टैरिफ पॉलिसी से अमेरिका इतना राजस्व आएगा कि इनकम टैक्स को पूरी तरह से खत्म कर सकते है। ट्रंप ने टैरिफ पॉलिसी पर चर्चा कर कहा कि टैरिफ से इतनी आय हो सकती है कि हम इनकम टैक्स को पूरी तरह से खत्म कर सकते हैं। इसकी पूरी-पूरी संभावना है कि टैरिफ से होने वाली बेतहाशा आय की वजह से हम इनकम टैक्स को खत्म कर दें। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि 1870 से 1913 के बीच टैरिफ ही सरकार की आय का मुख्य स्रोत था और इस दौरान हमने टैरिफ से इतना पैसा कमाया कि हम सबसे अमीर मुल्क बने थे।

उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स को खत्म कर अमेरिकी नागरिकों पर टैक्स के बोझ को कम कर सकते है। टैरिफ से अन्य देशों पर टैक्स लगाकर अमेरिका को बेतहाशा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि 1880 के दशक में सरप्लस फंड को खत्म करने के उद्देश्य से एक समिति का गठन हुआ था लेकिन इससे 1913 में इनकम टैक्स सिस्टम की शुरुआत की। टैरिफ से हमें अरबों डॉलर मिलने जा रहे हैं। हम टैरिफ से एक दिन में दो से तीन अरब डॉलर कमा रहे हैं। ट्रंप ने सबसे पहले दो अप्रैलको करीब 180 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था।

विमान का अपहरण करने वाले ने चाकू चलाए तो एक यात्री ने हाईजैकर को गोली मारी

न्यूयॉर्क। कोरोजल से सैन पेड्रो जा रहे ट्रोपिक एयर के विमान को एक व्यक्ति ने हाईजैक कर लिया। इसमें 14 यात्री और दो चालक सवार थे। जैसे ही पता चला कि एक अमेरिकी नागरिक ने चाकू की नोंक पर विमान को हाईजैक किया तो लोग घबरा गए। इतने आरोपी ने चाकूबाजी कर दी। जिसमें एक पायलट और दो यात्री घायल हो गए। एक घायल यात्री ने अपनी लायसेंसी रिवाल्वर से आरोपी को गोली मार दी।

हाइजैकर की पहचान 65 वर्षीय अमेरिकी नागरिक अकिन्येला सावा टेलर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, टेलर ने विमान को उड़ान के दौरान चाकू दिखाकर देश से बाहर ले जाने की मांग की। विमान में 14 यात्री और 2 चालक दल के सदस्य सवार थे। यह उड़ान कोरोजल से सैन पेड्रो के लिए जा रही थी।बेलीज के पुलिस कमिश्नर चेस्टर विलियम्स ने बताया कि टेलर ने विमान में तीन लोगों को चाकू मार दिया, जिनमें पायलट और यात्री शामिल हैं। इसके बाद उसी यात्री ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से टेलर को गोली मार दी। इस घटना के दौरान विमान करीब दो घंटे तक हवा में इधर-उधर चक्कर लगाता रहा, लेकिन अंततः सुरक्षित रूप से उतारा गया।घायल पायलट और दो यात्री अस्पताल में भर्ती हैं। सबसे ज्यादा चोट उस यात्री को आई जिसने साहस दिखाते हुए हाइजैकर को मार गिराया। उसे पीठ में चाकू लगा और फेफड़ों में गंभीर चोट आई है। कमिश्नर विलियम्स ने कहा, हम उसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। वह हमारा हीरो है।विलियम्स ने स्वीकार किया कि बेलीज के छोटे हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है और यह अब चिंता का विषय है कि टेलर विमान में चाकू लेकर कैसे चढ़ गया। वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अधिकारियों को अभी भी पूरी जानकारी इकट्ठा करनी है। उन्होंने कहा, ÷यह एक भयावह घटना है। हम शुक्रगुजार हैं कि यह एक बड़े जान-माल के नुकसान वाली घटना में तब्दील नहीं हुई।÷

खुशी ने वेदांग संग रिश्ते का दिया इशारा

बॉलीवुड में कई रूमर्ड कपल्स हैं जो अक्सर साथ नजर आते हैं लेकिन अपने रिश्ते को लेकर चुप्पी साधे रहते हैं। ऐसा ही एक नाम है खुशी कपूर और वेदांग रैना का। फिल्म द आर्चीज़ में साथ काम कर चुके इन दोनों के बीच रिलेशनशिप की चर्चा लंबे वक्त से है, लेकिन अब खुशी कपूर ने अपने एक नए पोस्ट से इन अफवाहों को और हवा दे दी है। खुशी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें उन्होंने एक खास पेंडेंट पहना हुआ है। इस पेंडेंट में च्व्हीज् और च्वेज् के बीच एक दिल बना नजर आ रहा है, जिससे फैंस ने इसे वेदांग और खुशी के नाम से जोड़ लिया। यह पहली बार है जब खुशी ने सार्वजनिक रूप से किसी इशारे के जरिए अपने रिश्ते को जाहिर किया है। इससे पहले भी दोनों को कई बार एक साथ स्पॉट किया गया है, चाहे वो खुशी का जन्मदिन हो या फिर अंबानी परिवार की शादी से जुड़ा कोई फंक्शन। अब इस पेंडेंट ने उनके रिश्ते को लेकर अटकलों को और मजबूत कर दिया है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अब तक रिश्ते को आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया है।

बुरा अनुभव के बाद विंसी अलोशियस सतर्क

मलयालम फिल्मों की एक्ट्रेस विंसी अलोशियस ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान शूटिंग सेट पर अपने साथ हुए गलत व्यवहार का खुलासा करते हुए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें कभी यह पता चला कि कोई सह-कलाकार ड्रग्स का सेवन करता है, तो वह उसके साथ काम नहीं करेंगी। विंसी ने बताया कि यह फैसला उन्होंने पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान एक अभिनेता के व्यवहार को देखने के बाद लिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक स्पष्टीकरण पोस्ट किया जिसमें बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि वह अभिनेता ड्रग्स लेने के बाद महिला कलाकारों के साथ बेहद असहज व्यवहार कर रहा था, जिससे सेट का माहौल प्रभावित हुआ। विंसी का मानना है कि किसी की निजी जिंदगी में ड्रग्स का इस्तेमाल करना उसकी मर्जी हो सकती है, लेकिन जब सेट पर इसका असर दूसरों की सुरक्षा और मानसिक स्थिति पर पड़ता है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने उन लोगों की भी आलोचना की, जिन्होंने उनके फैसले को लेकर सोशल मीडिया पर नकारात्मक टिप्पणियां कीं। एक्ट्रेस का यह स्टैंड इंडस्ट्री में साफ और सुरक्षित कार्य माहौल की मांग को और बल देता है।

बनैन् में अपारशक्ति खुराना का मजेदार अंदाज़

मल्टीटैलेंटेड अभिनेता अपारशक्ति खुराना ने एक बार फिर अपनी खास अदाकारी और हास्य शैली से फैंस का दिल जीत लिया है। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाले अपारशक्ति ने हाल ही में प्रसिद्ध उर्दू कवि अनवर मसूद की हास्य कविता च्बनैनज् को अपने अंदाज़ में पेश किया। उन्होंने एक सफेद बनियान पहनकर इस कविता का वीडियो शेयर किया और लिखा, च्अनवर मसूद सर की बनैन का मेरा संस्करण। अपारशक्ति की शानदार कॉमिक टाइमिंग और उनके मजेदार हाव-भावों ने इस कविता को बिल्कुल नया रंग दे दिया। उनके अंदाज़ में वह चुलबुलापन और हास्य था, जिसने कविता की आत्मा को और ज़्यादा मनोरंजक बना दिया। अपने इस वीडियो से चर्चा में आए अपारशक्ति जल्द ही फिल्म च्बदतमीज़ गिलज् में परेश रावल और वाणी कपूर के साथ नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वे अपनी बहुप्रतीक्षित डॉक्यूमेंट्री च्फाइंडिंग रामज् में भी दिखाई देंगे। अभिनय, होस्टिंग और अब काव्य प्रस्तुति अपारशक्ति हर क्षेत्र में अपनी च्अपारज् प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

बॉबी देओल की लग्जरी एसयूव्ही

फिल्मों में दमदार किरदारों से दर्शकों का दिल जीतने वाले बॉबी देओल अब अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने कार कलेक्शन में एक और लग्जरी गाड़ी शामिल की है। बॉबी देओल ने नई रेंज रोवर एसयूव्ही खरीदी है, जिसकी कीमत करीब 2.95 करोड़ रुपये बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर उनकी इस नई कार की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में बॉबी देओल ब्लैक टी-शर्ट, कैमो कार्गो पैंट, ब्लैक कैप और सनग्लासेस में अपनी नई कार के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। उनका ये स्टाइलिश और कूल लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। बॉबी को पहले से ही लग्जरी गाड़ियों का शौक रहा है। उनके पास कई महंगी कारें पहले से मौजूद हैं। अब इस नई कार के साथ उनका कार कलेक्शन और भी रॉयल हो गया है। फिल्मों के साथ-साथ बॉबी की लाइफस्टाइल भी फैंस के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है, और उनकी नई कार ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है।

मैं अपने लिए काम करती हूं- ईशा मालवीय

। एक्ट्रेस ईशा मालवीय का कहना है कि उन्हें कैमरे के सामने हर किरदार निभाने में बेहद खुशी मिलती है। टीवी और म्यूजिक वीडियो के

जरिए दर्शकों का दिल जीत चुकीं ईशा का मानना है कि वह एक वर्सेटाइल एक्ट्रेस हैं, जो किसी भी भूमिका में पूरी तरह ढल सकती हैं।

उन्होंने बताया कि उन्हें किसी भी किरदार को निभाते समय कभी झिझक महसूस नहीं होती, चाहे वह उनकी निजी जिंदगी से मेल खाता हो या बिल्कुल विपरीत हो। ईशा ने कहा कि अभिनय उनके लिए सिर्फ काम नहीं बल्कि जुनून है और हर किरदार उनका आत्मविश्वास बढ़ाता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें खुद से अलग किरदार निभाने में ज्यादा चुनौती महसूस होती है, तो उन्होंने जवाब दिया कि वह किसी भी भूमिका को निभाने से नहीं डरतीं। उनके मुताबिक, वह अपने काम को लेकर कभी दबाव में नहीं आतीं, क्योंकि वह जानती हैं कि सभी को खुश करना संभव नहीं है। ईशा कहती हैं कि वह अपने काम के जरिए किसी को कुछ साबित करने की कोशिश नहीं करतीं, बल्कि सिर्फ अपने लिए काम करती हैं। अपने करियर की दिशा पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनके लिए स्पष्ट लक्ष्य होना बेहद जरूरी है।

चाहे वह लक्ष्य 30 दिन का हो, 30 महीनों का या फिर 30 सालों का उनके पास हमेशा एक दिशा होती है जो उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। ईशा की यही सोच उन्हें बाकी कलाकारों से अलग बनाती है।



सोनू सूद ने रिलीज किया फिल्म खेल पासपोर्ट का का फर्स्ट लुक पोस्टर

मुंबई (वार्ता)। अभिनेता सोनू सूद ने निर्देशक अर्जुन राज की आने वाली हिंदी फिल्म खेल पासपोर्ट का का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। फिल्म खेल पासपोर्ट का निर्माण हैप्पी क्राउड एंटरटेनमेंट, किंग केयान एंटरटेनमेंट और रजिया पठान के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म को राजवंत शर्मा को-प्रोडयूस कर रहे हैं। अर्जुन राज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के लेखक अर्जुन राज, रंजू साइकोलोनी और रजिया पठान है। इस फिल्म में राजवंत शर्मा,गौरी शंकर,आरिफ सहडोल,हेरंब,मेघा सक्सेना,आनंद शर्मा,जेबा खान,अर्जुनराज ने अहम भूमिका निभायी है। डीओपी शक्ति सोनी, लखिंदर शॉ (लक्की) हैं। फिल्म का संगीत ह्जु रॉय ने तैयार किया है। रवि बासनेट के रचित गीतों को अरिंदम चक्रवर्ती मंजीरा गांगुली ने मधुर आवाज से सजाया है। इस फिल्म का ट्रेलर 18 अप्रैल को डीआरजे रिकॉर्ड म्यूजिक से रिलीज होगा।

ईशान-भूमि स्टारर द रॉयल्स की रिलीज डेट आउट

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेता ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर स्टारर अपकमिंग सीरीज द रॉयल्स की रिलीज की तारीख सामने आ चुकी है। सीरीज का प्रीमियर 9 मई को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने दर्शकों को बताया कि जल्द ही 'जिद्दी राजकुमार' की 'आमकुमारी' से मुलाकात होगी। नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, जिद्दी राजकुमार की मुलाकात गर्लबॉस आमकुमारी से होती है। प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना के निर्देशन में बनी सीरीज में भूमि पेडनेकर, इशान खट्टर, जीनत अमान के साथ साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, विहान समत, काव्या त्रेहान, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक केनी भी अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज द रॉयल्स का निर्माण प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस के बैनर तले हुआ है, जिसकी कहानी नेहा वीना शर्मा ने लिखी है। नेटफ्लिक्स ने सीरीज का पोस्टर शेयर किया, जिसमें भूमि और ईशान एक साथ नजर आए।

विसी अलोशियस ने बदसलूकी करने वाले के नाम का खुलासा किया

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। मलयालम फिल्म अभिनेत्री विसी अलोशियस ने फिल्म के सेट पर उनके साथ नशे की हालत में 'अशोभनीय व्यवहार' करने वाले सह-कलाकार के नाम का खुलासा करते हुए अब फिल्म चैबर में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अभिनेता का नाम शाइन टॉम चाको बताया है।

फिल्म चैबर के महासचिव साजी नंथियाट्टू ने कहा कि शिकायत के आधार पर अभिनेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अलोशियस ने मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (एएमएमए) में भी 'सूत्रवाक्यं' नामक आगामी फिल्म के सेट पर चाको के अनुचित व्यवहार की शिकायत की है। एएमएमए की तदर्थ कमेटी के संयोजक जयन चेरथला ने कहा कि संगठन अभिनेत्री को पूरा सहयोग देगा।

हाल ही में 'नो टू ड्रग्स' अभियान से जुड़े एक कार्यक्रम में अलोशियस ने घोषणा की थी कि वह अब ऐसे किसी अभिनेता के साथ काम नही करेंगी जो शूटिंग के दौरान मादक पदार्थ का सेवन करता हो।

इस फैसले पर पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें बताया कि शूटिंग के दौरान उनके और उनकी एक महिला सहकर्मी के साथ नशे में धुत अभिनेता ने अनुचित हरकत की। उन्होंने बताया, 'जब सेट पर मुझे ड्रेस में कुछ दिक्कत हुई, तो उस अभिनेता ने सबके सामने कहा-'मै ठीक कर देता हूं', जिससे मुझे बुरा लगा।'

फिल्म 'अग्नि' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 20 को

मुंबई (वार्ता)। जी सिनेमा पर फिल्म 'अग्नि'का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 20 अपैल को होगा।यह फिल्म उन गुमनाम नायकों को समर्पित है जो हर दिन लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते है। 'अग्नि' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर इस रविवार, 20 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सिर्फ जी सिनेमा पर होगा। फिल्म अग्नि के निर्देशक राहुल ढोलकिया है। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में प्रतीक गांधी, साई तम्हणकर, सैयामी खेर और दिव्येंदु है।

सुगंधा मिश्रा की 'वागले की दुनिया' में एंट्री

मुंबई (वार्ता)। शो वागले की दुनिया -नई पीढ़ी, नए किस्से में अभिनेत्री और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा की एंट्री हो गई है। सुगंधा मिश्रा ,'वागले की दुनिया' में सुमन गढिया का किरदार निभाती नजर आएंगी। यह एक अल्हड़ , बेहद नाटकीय और चालाक महिला है , जिसे हर परिस्थिति को ड्रामा में बदलने की कला बखूबी आती है। आने वाले एपिसोड्स में

दर्शकों को एक चौंकाने वाला मोड़ देखने को मिलेगा, जब सुमन एक सुनियोजित जाल में राजेश वागले (सुमीत राघवन) को फंसाते हुए उन पर अनुचित व्यवहार का झूठा आरोप लगा देती हैं।

सुगंधा मिश्रा ने कहा, मुझे सुमन का किरदार पहली ही बार में बेहद पसंद आ गया। वह अजीब, अप्रत्याशित और परतों से भरा है । एक ऐसा रोल जो आपको एक्टिंग का भरपूर आनंद देता है और खुद को बार-बार चौंकाने का मौका देता है। मेरे अंदर हमेशा से थोड़ा सा 'ड्रामा क्वीन' था, इसलिए सुमन का किरदार निभाना मेरे लिए काफी स्वाभाविक लगा। यह किरदार मजेदार तो है ही, पर पहली बार कुछ गंभीर और भावनात्मक दृश्य करने का मौका भी मिला, जो चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों रहा।

रंगा-बिल्ला पर आधारित वेब सीरीज में होंगे अली और सोनाली बेंद्रे

मुंबई (भाषा)। अभिनेता अली फजल और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे जल्द ही रंगा-बिल्ला नामक चर्चित आपराधिक मामले पर आधारित एक वेब सीरीज में नजर आएंगे। इस सीरीज का निर्देशन 'पाताल लोक' के निर्देशक प्रोसित रॉय कर रहे है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फजल और बेंद्रे ने दिल्ली में इस सीरीज की शूटिंग शुरू कर दी है। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'टीम पिछले कई महीनों से इस मामले पर विस्तार से शोध कर रही है। सीरीज में हत्या के बाद सामने आई घटनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसे संवेदनशीलता के साथ पेश किया जा रहा है और इसका उद्देश्य यह दिखाना है कि इस मामले ने दिल्ली को कितनी गहराई से प्रभावित किया है।' रंगा और बिल्ला ने 1978 में दिल्ली में फिरौती के लिए दो भाई-बहन का अपहरण किया था।

अर्जुन को पसंद है यूरोपीय और कोरियन सिनेमा

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेता अर्जुन कपूर ने बताया कि उन्हें यूरोपीय और कोरियन फिल्में पसंद हैं और उनके पास 1000 से भी ज्यादा डीवीडी का संकलन है। एक साक्षात्कार के दौरान अर्जुन ने बताया, मेरे पास एक हजार से भी ज्यादा डीवीडी हैं। हालांकि, मैंने आजकल व्यस्तता की वजह से देखना कम कर दिया है। जब मैं काम या अन्य सिलसिलों में बहुत ट्रैवल करता था, उस समय मैं यूरोपीय सिनेमा खूब देखता था। अभिनेता ने आगे बताया, अनुराग कश्यप ने मुझे मेमोरीज ऑफ मर्डर के बारे में बताया था। मुझे फिल्मों को कलेक्ट करने और कमेंट्री के साथ देखने में बहुत मजा आता था। मैंने स्टीवन सोडरबर्ग की ओसन ट्राइलॉजी की सारी फिल्में कमेंट्री के साथ देखी हैं। अर्जुन कपूर ने बॉलीवुड और हॉलीवुड सिनेमा को लेकर कुछ दिलचस्प बातें भी शेयर कीं। उन्होंने भारतीय फिल्मों की तुलना कुछ क्लासिक इंटरनेशनल फिल्मों से की।

'व्हेयर द वाइल्ड मेन आर विद बेन फोगल' सीजन 21 से

मुंबई (वार्ता)। व्हेयर द वाइल्ड मैन आर विद बेन फोगल' सीजन 10,21 अप्रैल से सोनी बीबीसी अर्थ पर प्रसारित होगा। इस सीन के 12 दिलचस्प एपिसोड्स में बेन फोगल दुनिया के सबसे दूर-दराा इलाकों की यात्रा करते हैं और उन असाधारण लोगों के जीवन की झलक दिखाएंगे, जिन्होंने जान-बूझकर पारंपरिक जीवनशैली से हटकर एक अलग राह चुनी है। यह शो सोमवार, 21 अप्रैल को रात 9:00 बजे सोनी बीबीसी अर्थ पर प्रसारित होगा।

इस सीरीज का दसवां सीजन दर्शकों को ऐसे प्रेरणादायक किस्सों से रूबरू कराएगा जो व्यक्ति और प्रकृति के बीच गहरे संबंध और प्रकृति की शक्ति पर रौशनी डालते हैं। इस शो में बेन फोगल चुनिंदा एकांत स्थलों की यात्रा करते हैं और उन लोगों के साथ रहते हैं जिन्होंने समाज की पारंपरिक धारा से हटकर एक स्वतंत्र जीवन चुना है। इस शो के जरिये फोगल दर्शकों को ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ प्राकृतिक दृश्यों की सैर कराते हैं और कैलिफ़ोर्निया के दुष्कर पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार से मिलवाते हैं जो बिना सुविधाओं के जीवन जी रहा

जाट के सीक्वल में भी काम करेंगे सनी देओल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल फिल्म जाट के सीक्वल जाट 2 में भी काम करते नजर आएंगे। सनी देओल इन दिनों फिल्म'जाट'को लेकर चर्चा में है। फिल्म'जाट'10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म जाट के जरिये सनी देओल ने फिल्म गदर 2 के बाद करीब दो साल बाद वापसी की है।दर्शकों ने सनी देओल की एक्शन परफॉरमेंस की तारीफ की। गोपिचंद मालिनेनी निर्देशित फिल्म जाट का का निर्माण मायथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्टरी के सहयोग से किया गया है। सनी देओल अब जाट के सीक्वल में भी नजर आएंगे। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर जाट 2 का पोस्टर शेयर करते हुऐ कैप्शन में लिखा, जाट नए मिशन पर। इस बीच फिल्म जाट ने सात दिनों में भारतीय बाजार में 57 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटेगी सरकार?

सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को लेकर जो फैसला दिया है। केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वीकार नहीं है। सरकार जल्द ही विधेयक ला सकती है। विधेयक के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट का फैसला सरकार पलट देगी। एक संभावना यह भी व्यक्त की जा रही है। सरकार सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर करेगी। बड़ी बेंच से दो जजों की खंडपीठ का फैसला सरकार बदलवाने का प्रयास करेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से तमिलनाडु के 10 कानून को मान्यता मिली है। यदि ऐसा होता रहा, तो केंद्र सरकार कुछ कर ही नहीं पाएगी। केंद्र सरकार के जो हाथी के दांत दिखाने वाले हैं। यदि वह टूट गए तो राज्य सरकारों का डर और भय खत्म हो जाएगा। अभी तो राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार की सत्ता राज्यों में चल रही है। केंद्र सरकार इस सत्ता को किसी भी कीमत में खोना नहीं चाहती है। केंद्र सरकार ने राज्यपालों के इस्तीफा नहीं लिए। जिनके कामकाज के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर टिप्पणी की थी। केंद्र सरकार हैरान हैं। सुप्रीम कोर्ट के जज इस तरह का फैसला कैसे दे सकते हैं।

योगी महाराज की शासन प्रणाली से नए जातीय समीकरण

उत्तर प्रदेश की योगी बाबा की सरकार को मुगालता है, कुंभ के सफल आयोजन के बाद हिंदू मतदाता बड़े पैमाने पर एकजुट हो गया है। अयोध्या, वाराणसी और मथुरा के साथ-साथ अब संभल भी हिंदू आस्था का बड़ा केंद्र बन गया है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति है। हिंदू मुस्लिम के साथ अब दलित और राजपूत का झगड़ा शुरू हो गया है। उसके कारण हिंदुओं की कई जातियों में योगी सरकार के प्रति भारी विद्रोह देखने को मिल रहा है। आगरा के सांसद रामजीलाल सुमन के साथ जिस तरह की दादागिरी करणी सेना ने की है। जिस तरह से सड़कों पर तलवार लहराकर दलित सांसद को धमकी दी गई है। सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है। इससे उत्तर प्रदेश के दलित नाराज हो गए हैं। पिछडे और दलित वर्ग की नाराजी खुलकर सामने आने लगी है। सत्ता का नशा बड़ा भयंकर होता है। सत्ता से उतरने के बाद ही यह नशा उतरता है।

दैनिक पंचांग

19 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	मेष	05.20 बजे से
चंद्र	धनु में	वृष	07.04 बजे से
मंगल	कर्क में	मिथुन	09.02 बजे से
बुध	मीन में	कर्क	11.16 बजे से
गुरु	वृष में	सिंह	13.32 बजे से
शुक्र	मीन में	कन्या	15.44 बजे से
शनि	मीन में	तुला	17.54 बजे से
राहु	मीन में	वृश्चिक	20.09 ब.से
केतु	कन्या में	धनु	22.25 बजे से
		मकर	00.30 बजे से
		कुंभ	02.17 बजे से
		मीन	03.50 बजे से

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

शनिवार 2025 वर्ष का 109 वा दिन
दिशाशूल पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2082 **शक संवत्** 1946
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
पक्ष कृष्ण
तिथि षष्ठी 18.23 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मूल 10.21 बजे को समाप्त।
योग शिव 00.52 बजे रात्र को समाप्त।
करण गर 05.49 बजे तदनन्तर वणिज 18.23 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 20.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 11° 11'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872319
जूलियन दिन 2460784.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना सव्वाल
तारीख 20

दिन का चौघड़िया					रात का चौघड़िया				
काल	05.55	से	07.23	बजे तक	लाभ	05.37	से	07.10	बजे तक
शुभ	07.23	से	08.51	बजे तक	उद्वेग	07.10	से	08.42	बजे तक
रोग	08.51	से	10.19	बजे तक	शुभ	08.42	से	10.14	बजे तक
उद्वेग	10.19	से	11.46	बजे तक	अमृत	10.14	से	11.47	बजे तक
चर	11.46	से	01.14	बजे तक	चर	11.47	से	01.19	बजे तक
लाभ	01.14	से	02.42	बजे तक	रोग	01.19	से	02.51	बजे तक
अमृत	02.42	से	04.10	बजे तक	काल	02.51	से	04.23	बजे तक
काल	04.10	से	05.37	बजे तक	लाभ	04.23	से	05.56	बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

गुजरात टाइटंस ने फिलिप्स की जगह शनाका को शामिल किया

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस ने श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर दासुन शनाका को न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स की जगह पर अपनी टीम में शामिल किया है। फिलिप्स चोटिल होने के कारण सत्र के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। वहीं शनाका दो साल पहले भी गुजरात टाइटंस में शामिल थे। 2023 में उन्हें फ्रेंचाइजी ने 75 लाख रुपये में अपने साथ शामिल किया था। तब वह केवल 3 मैच ही खेल पाये थे हालांकि इस बार शनाका नए कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

विश्वकप में खेलने पर फैसला मेसी को ही लेने दें : स्कोलोनी

मुम्बई। कनाडा, यूनाइटेड स्टेट और मैक्सिको में होने वाले 2026 फीफा विश्वकप में अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। मेसी की कप्तानी में ही पिछले विश्वप में अर्जेंटीना ने खिताब जीता था पर अब वह 27 साल के हो गये हैं। ऐसे में वह अगले साल विश्वकप में खेल पायेंगे ये पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। 2022 विश्वकप में अर्जेंटीना की जीत में मेसी की अहम भूमिका थी।

धवन का सबसे अधिक चौके मारने का रिकार्ड तोड़ सकते हैं विराट

मुम्बई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इस बार सबसे अधिक चौके मारने का रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। अब तक ये रिकार्ड पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के नाम है। धवन ने अब तक आईपीएल की 221 पारियों में 768 चौके लगाए हैं। वह आईपीएल में 700 चौके लगाने पहले पहले बल्लेबाज थे।

डब्ल्यूटीसी बड़ी जीत पर बोनस अंक देगी आईसीसी !

दुबई। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप2025-27 के चक्र में बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। डब्ल्यूटीसी का ये सत्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से शुरू होगा।

आईपीएल : हेड सबसे अधिक स्ट्राइक रेट से 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

मुम्बई। सनराइजर्स हैदराबाद को मुंबई इंडियंस के खिलाफ यहां हुए मैच में हार का सामना करना पड़ा है पर इस मैच में सनराइजर्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने एक नया रिकार्ड बनाया है। हेड ने इस मैच में केवल 29 रन बनाये पर इसके साथ ही हेड आईपीएल में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने 170 से अधिक के औसत से कुल 1000 रन बनाये हैं।

आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला

शाम 7.30 बजे

जयपुर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में रॉयल्स का लक्ष्य जीत हासिल करना रहेगा क्योंकि पिछले तीन मैचों से मिल रही हार से वह अंक तालिका में काफी नीचे खिसक गयी है। रॉयल्स के लिए हालांकि जीत दर्ज करना इतना आसान नहीं होगा। इसका कारण उसकी टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है उसके कप्तान संजू सैमसन पिछले मैच में चोटिल भी हो गये थे, ऐसे में उनके खेलने पर भी संशय रहेगा।

टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों को इस मैच में जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उसके गेंदबाजों को सुपर जाइंट्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज निकोलस पूरन पर अंकुश ओर कप्तान ऋषभ पंत पर अंकुश लगाना होगा। अभी तक रॉयल्स की टीम को सात मैचों में केवल दो मैचों में ही जीत के मिली है और वह आठवें स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर अंकतालिका में पांचवे स्थान पर चल रही सुपर जाइंट्स का लक्ष्य इस मैच को जीतकर एक बार फिर अंक तालिका में शीर्ष चार में पहुंचना रहेगा। रॉयल्स की कमजोरी बल्लेबाजी का कमजोर होना है जिसका लाभ सुपर जाइंट्स उठाना चाहेगी। अभी तक राजस्थान का बल्लेबाजी क्रम दबाव में बिखरता दिखा है। उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं पर देखना होगा कि क्या वे इस लय को बनाये रख पाते हैं। पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 66 रन बनाने के बाद से ही सैमसन के बल्ले से रन नहीं आये हैं।

टीम के अच्छे स्कोर के लिए सैमसन और यशस्वी का रन बनाना बेहद जरुरी है। रॉयल्स के बल्लेबाजों को सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, दिग्वेश राठी और स्पिनर रवि बिश्नोई के सामने सावधानी से खेलना होगा। रॉयल्स की परेशानी रियान पराग और ध्रुव जुरेल का फार्म में नहीं होना है हालांकि नीतिश राणा ने पिछले मैच में 51 रन बनाए और टीम उनसे इस मैच में भी इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर औरा संदीप शर्मा को बेहतर प्रदर्शन कर सुपर जाइंट्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा। लखनऊ की ताकत पूरन के आलावा मिचेल मार्श जैसे बेहतरीन बल्लेबाजों का होना है। इसके अलावा उसके पास एडेन मार्क्रम और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी भी हैं।

पंजाब किंग्स में आने से आया मेरे में बदलाव : अर्शदीप

नई दिल्ली। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आईपीएल के इस सत्र में पंजाब की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। अर्शदीप ने कहा है कि इस टीम में आने के बाद से ही उनमें काफी बदलाव आया है जिसके कारण ही वह पहले से बेतर खिलाड़ी बन सके हैं। अर्शदीप ने कहा कि फ्रेंचाइजी में एक साल होने के बाद से ही उन्हें अहम भूमिका भी मिलने लगीं जिससे वह अधिक जिम्मेदारी से अपना काम कर पाते हैं। वह साल 2019 से ही पंजाब किंग्स से खेल रहे हैं। उन्होंने 71 मैचों में अब तक 26.82 की औसत और 9 की इकॉनमी रेट से 84 विकेट लिए हैं।

अर्शदीप ने कहा, जब से मैं पंजाब किंग्स में आया हूं, पहले साल को छोड़कर , मुझे अपनी भूमिका में वरिष्ठता महसूस होने लगी है। मैं पिछले सात सालों से इस टीम से जुड़ा हुआ हूं और टीम के साथ अपना पहला साल बिताने के बाद मुझे लगने लगा कि मुझे टीम में बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इससे मुझे एक खिलाड़ी और बेहतर इंसान के रूप में विकसित होने में भी सहायता मिली।

अर्शदीप का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन आईपीएल सीजन 2021 में आया जब उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट लिए। वहीं उन्होंने 2022 में 10 विकेट लिए थे।

अर्शदीप ने कहा कि इस लीग में खेलने से उन्हें पता चला कि अधिक दबाव वाले मैचों में किस प्रकार से खेला जाता है। इसके साथ ही उनका रुख भी खेल को लेकर गंभीर हो गया क्योंकि कठिन हालातों में अगर रुख गंभीर नहीं होगा तो उसका नुकसान टीम को हो सकता है।

बांगर की बेटी अनाया बोली, लड़की बनने के बाद समर्थन मिला पर उत्पीड़न भी हुआ

लंदन। लड़के से लड़की बनने के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर की बेटी अनाया बांगर को छेड़छाड़ का भी सामना करना पड़ा है। वहीं आजकल लंदन में रह रही अनाया को लेकर आई एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि उसे कुछ क्रिकेटरों ने अश्लील तस्वीरें भी भेजीं थीं। वहीं अनाया ने अपने जेंडर बदलाव को लेकर इसमें कहा ,÷ जब मैं आठ नौ साल की थी तो मां की अल्मारी से कपड़े निकालकर पहनती थी। फिर शीशे में देखकर कहती थी कि मैं लड़की हूं और मुझे लड़की बनना है। मैंने कई नामी क्रिकेटरों के साथ खेला है।÷ अनाया ने साथ ही कहा, ÷लड़की बनने के बाद मुझे समर्थन भी मिला और कुछ उत्पीड़न भी हुआ है। कुछ क्रिकेटर ऐसे भी रहे हैं, जिन्होंने मुझे गलत तरीके से अपनी तस्वीरें भेजीं।÷

गौरतलब है कि बांगर की तरह ही अनाया भी एक क्रिकेटर हैं। वह स्थानीय क्लब क्रिकेट में भी खेलती हैं। वहीं नवंबर 2023 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि ट्रांसजेंडर एथलीटों को महिला क्रिकेट में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे में अनाया को भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का अवसर मिलना संभव नजर नहीं आता।÷

अंक तालिका में सातवें नंबर पर पहुंची मुंबई इंडियंस

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मैच में मिली जीत के बाद लाभ हुआ है और वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं सनराइजर्स को झटका लगा है और वह नौवें स्थान पर खिसक गयी है। हालांकि अन्य टीम की स्थिति में बदलाव नहीं आया है। दिल्ली कैपिटल्स है अंकतालिका में नंबर एक पर बनी हुई है। उसके 6 मैचों में 10 अंक हैं।

वहीं दूसरे स्थान पर गुजरात टाइटन्स है, उसने 6 में से 4 मुकाबले जीते हैं और टीम के 8 अंक हैं। तीसरे स्थान पर कायम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भी इतने ही अंक हैं पर टीम का नेट रन रेट कम होने से वह गुजरात से पीछे है। वहीं, पंजाब किंग्स ने भी 6 में से चार मैच जीतकर 8 अंक हासिल किये है पर नेट रन रेट कम होने से वह चौथे नंबर पर है। अंक तालिका में पांचवीं टीम लखनऊ सुपर जायंट्स है। उसने सात मैचों में चार जीते हैं पर नेट रन रेट कम होने के कारण टीम पांचवें नंबर पर खिसक गयी है।

छठे स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है (केकेआर) है। उसने सात में से तीन मैच जीते हैं जबकि वह चार मैच हारी है। मुंबई इंडियंस ने सात में से तीन ही मैच जीते हैं, पर नेट रन रेट में वह पीछे होने के कारण आठवें स्थान पर हैं। आठवें नंबर पर राजस्थान रॉयल्स है, उसने सात में 2 मैच जीते हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद ने भी सात मैचों में से दो जीते हैं पर नेट रन रेट कम होने से वह नौवे स्थान पर है। चेन्नई की टीम में दो जीत के साथ ही अंतिम स्थान पर है क्योंकि उसका नेट रन रेट कम है।

आईपीएल में आज होगा टाइटंस और कैपिटल्स के बीच मुकाबला

दोपहर 3: 30 पर शुरु होगा मैच

अहमदाबाद । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर होना तय है । इसका कारण है कि दिल्ली की टीम अब तक एक ही मैच हारी है और उसे छह मैचों के बाद 10 अंक हैं और वह शीर्ष पर है जबकि गुजरात की टीम चार जीत के साथ ही 8 अंक लेकर दूसरे नंबर पर है। दोनो ही टीमों ने अब तक जबरदस्त बल्लेबाजी की है। दिल्ली की टीम की कमान अक्षर पटेल के पास जबकि गुजरात की शुभमन गिल के पास है। गुजरात की टीम को इस मैच में घरेलू मैदान का लाभ मिल सकता है। यहां की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल रहती है , इसलिए इस मैदान पर बड़े स्कोर बनने तय हैं। इस पिच पर अच्छी उछाल मिलने के कारण बल्लेबाज के लिए शॉट खेलना काफी आसान रहता है। हालांकि, जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है पिच धीमी होने लगती है, जिससे गेंदबाजों के पास भी अच्छा अवसर रहता है। ऐसे में कुल मिलाकर देखा जाये तो पिच में बल्लेबाजों के अलावा गेंदबाजों के लिए भी अवसर हैं। इस मैदान पर तेज गेंदबाज स्पिनरों से अधिक प्रभावी होते हैं।

दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराया था जिससे वह इस मैच में बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। वहीं, गुजरात को पिछले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसके ऊपर दबाव रहेगा जिससे वह उबरना चाहेगी। ऐसे में इस मैच में दिल्ली का पलड़ा भारी नजर आता है। दिल्ली की बल्लेबाजी करुण नायर, केएल राहुल , ट्रिस्टन स्टब्स, कप्तान अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और मोहित शर्मा के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव, अक्षर पर आधारित रहेगी। वहीं दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रहेगी। सुदर्शन ने इस आईपीएल सत्र में 300 से अधिक रन बनाये हैं।

मुंबई इंडियंस को आईपीएल में खेलने अभी जीतने होंगे पांच मैच

नई दिल्ली । मुंबई इंडियंस की टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर आईपीएल के इस सत्र में अपनी तीसरी जीत हासिल की है। पिछले दो मैच से मिली जीत के साथ अब मुंबई की टीम प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं तलाश रही है। अंक तालिका पर नजर डालें तो मुंबई की टीम अब तक 6 अंक लेकर सातवें स्थान पर है।

उसने अब तक कुल 7 मैच खेले हैं जिसमें से उसे 3 में जीत मिली है जबकि 4 में उसे हार झेलनी पड़ी है। उसके पास 6 अंक हैं। मुंबई इंडियंस के अभी 7 मैच और बचे हैं। ऐसे में अगर वह सभी मैच जीतती है तो उसके कुल 20 अंक हो जाएंगे और वह प्लेऑफ में पहुंच जाएगी पर अगर टीम केवल चार मैच ही जीतती है तो 14 अंकों के साथ वह बाहर हो जाएगी। वहीं पांच मैच जीतती है तो उसके 16 अंक हो जाएंगे और उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना अधिक रहेगी।

प्लेऑफ के लिए 14 से अधिक अंक होने चाहिये। 14 अंकों पर तभी कोई टीम क्वालीफाई कर सकेगी आकर उसका औसत कम हो। मुंबई इंडियंस को अब बचे हुए मैचों में 20 अप्रैल को सीएसके छह 23 को सनराइजर्स हैदराबाद व 27 लखनऊ सुपरजाएंट्स से खेलना है। इसके बाद 1 मई को राजस्थान रॉयल्स व 6 मई को गुजरात टाइटंस से खेलना है। वहीं 11 मई को पंजाब किंग्स और 15 मई को दिल्ली कैपिटल्स से खेलना है।

बल्लेबाजों के निडर होकर खेलने से बड़े स्कोर बन रहे : पार्थिव

मुम्बई। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रहे पार्थिव पटेल ने कहा है कि बल्लेबाजों के बेखौफ होकर खेलने से आईपीएल में स्कोपावरप्ले के दौरान काफी रन बन रहे हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज कहा कि पहले के समय में पावरप्ले में स्कोर 45 रन से अधिक नहीं होता था। इस सत्र में पार्थिव गुजरात टाइटंस के सहायक कोच की भूमिका भी निभा रहे हैं।

पटेल ने कहा ,'' इसमें कोई संदेह नहीं कि आजकल बड़े स्तर पर रणनीति बनाई जाती है। कुछ साल पहले जब मैं खेल रहा था तब पावरप्ले का स्कोर 45 के आसपास अच्छा माना जाता था।'' उन्होंने कहा ,'' उसके बाद 50 और फिर 55 से 60 तक हो गया। इसके बावजूद हालात को भी देखना पड़ता है। अगर आप चेन्नई में खेल रहे हैं तो 150 अच्छा स्कोर है और वहां टीम से पावरप्ले में 70 या 80 रन की उम्मीद नहीं की जाती।''

उन्होंने कहा ,'' परअगर सभी मैचों को देखें तो 70 रन बन रहे है। आप किन्हीं भी हालात में खेल पर बेंचमार्क 45 से ऊपर जाना तय हो गयाहै।'' पटेल ने कहा ,'' अब बल्लेबाज जोखिम लेने में डरते नहीं हैं। वे बेखौफ होकर खेलते हैं। उनकी सहायता के लिये विशेषज्ञ भी उपस्थित हैं। हर कोई बल्लेबाज बड़े शॉट लगाने के इरादे से ही मैच में उतरता है।

विकेटकीपर की गलती से रिकेल्टन को मिला दूसरा अवसर

मुंबई। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन की एक गलती से खासा हंगामा हुआ ओर मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन को वापस बल्लेबाजी के लिए बुलाया गया। ये मामला इस मैच के 7वें ओवर का है।

इस ओवर को सनराइजर्स हैदराबाद के स्पिनर जीशान अंसारी कर रहे थे। उनके ओवर की पांचवीं गेंद पर मुंबई के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन पैट कमिंस के हाथों कैच आउट होने के बाद पेवेलियन लौटने लगे पर बाउंड्री लाइन के पास ही उन्हें चौथे अंपायर ने रोक लिया। इससे रयान हैरान हो गये। रिकेल्टन को इसलिए रोका गया क्योंकि अंसारी की वो गेंद नो-बॉल करार दी गयी। इसका कारण विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन की एक गलती थी। तीसरे अंपायर ने रिप्ले में देखा कि जब गेंद बल्ले से लगी, तो क्लासेन के ग्लव्स स्टम्प के आगे तक आ गए थे। ऐसे में नियम 27.3.1 के अनुसार, यदि विकेटकीपर गेंद को स्टम्प के सामने या स्टंप की सीध में पकड़ा सकता है, तो अंपायर नो-बॉल का संकेत दे सकता है। हालांकि यहां क्लासेन को गेंद पकड़ने की जरूरत नहीं थी क्योंकि गेंद उनके पास नहीं आई थी पर उनके ग्लव्स अभी भी स्टम्प के आगे थे। ऐसे में नियमानुसार इस गेंद को नो-बॉल दिया गया। विकेटकीपर की गलती के कारण रिकेल्टन को एक और अवसर मिला। रिकेल्टन को इसके बाद एक अतिरिक्त गेंद भी खेलने को मिली। वह जिस गेंद पर कैच हुए तब वह 21 रनों पर खेल रहे थे। बाद में रिकेल्टन ने 10 रन और बनाये। इसके बाद रिकेल्टन हर्षल पटेल की गेंद पर ट्रेविस हेड के हाथों कैच हुए।

कराची किंग्स के मालिक ने बाबर को बाहर करने का कारण बताया



लाहौर। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 10वें सीजन में अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम पेशावर जाल्मी की ओर से खेल रहे हैं पर उनका अब तक का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। पहले मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाये जबकि दूसरे मैच में एक रन ही बना पाये। वहीं उनकी पुरानी फ्रेंचाइजी कराची किंग्स के मालिक सलमान इकबाल ने 2023 के सत्र से बाबर को बाहर करने का कारण अब बताया है। सलमान ने कहा है कि आजम को अपनी बल्लेबाजी पोजिशन पसंद नहीं आ रही थी। इसी कारण उन्हें आपसी सहमति से टीम से बाहर करना पड़ा था। उन्होंने कोच मिकी आर्थर के साथ आजम को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए कहा था पर उन्होंने इंकार कर दिया था।

इकबाल ने कहा, आर्थर और मैंने आजम से कराची किंग्स के लिए नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने को कहा था पर वह ऐसा करने तैयार नहीं नहीं थे और इसलिए हमें उन्हें बाहर करना पड़ा था। इस दौरान प्रबंधन ने पूरे दल को बदलने का फैसला किया। इसी कारण से हमने बाबर के अलावा इमाद वसीम और मोहम्मद आमिर को भी बाहर कर दिया था। गौरतब है कि आजम साल 2017 से 2022 तक कराची किंग्स की टीम में शामिल रहे थे। 90 पीएसएल मैच में उन्होंने 3103 रन बनाए थे जिसमें 28 अर्धशतक और दो शतक शामिल थे।

17 साल के सफर में विश्व की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग बनी आईपीएल

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 साल पूरे हो गये हैं। आज ही के दिन 18 अप्रैल 2008 को आईपीएल की शुरुआत हुई थी तब किसी को भी अंदाजा नहीं था कि ये एक दिन दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग बन जाएगी और इसी की तर्ज पर कई नई लीग भी उभरेंगी। आईपीएल का शुरुआती मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेला गया था।

बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित उस पहले ही मैच में केकेआर की ओर से खेल रहे न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था।

मैकुलम केकेआर की ओर से पारी की शुरुआत के लिए उतरे और उन्होंने जमकर रन बनाये। मैकुलम ने केवल 73 गेंदों पर ही नाबाद 158 रन बना दिये। इस दौरान उन्होंने 13 छक्के और 10 चौके लगाये। उसी पारी से सौरव गांगुली की कप्तानी वाली केकेआर ने तीन विकेट पर 222 रन बनाये थे।

इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पूरी टीम 15.1 ओवरों में ही 82 रनों पर सिमट गई और उसे 140 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा. उस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी राहुल द्रविड़ के पास थी। मैकुलम को उस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिल था। आईपीएल के पहले सत्र की विजेता राजस्थान रॉयल्स रही थी। तब रॉयल्स की कप्तान ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वॉर्न कर रहे थे।

आईपीएल के अब तक के सत्रों में कई विवाद भी उभरे हैं। आईपीएल 2010 फाइनल के बाद इसके कमिश्नर रहे ललित मोदी को बीसीसीआई से भ्रष्टाचार के आरोपों में बाहर कर दिया था। वहीं साल 2013 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों पर स्पॉट फिक्सिंग का आरोप लगे थे।

ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ परामर्श के लिए टेली-मेडिसिन सेवा वरदान- उप मुख्यमंत्री

श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा में टेली मेडिसिन सेवा का किया शुभारंभ

रीवा (कीर्तिप्रभा)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि टेली-मेडिसिन सेवा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेवाओं के प्रदाय का सशक्त माध्यम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में टेली-मेडिसिन सेवा का शुभारंभ किया। इस सेवा से रीवा और सीधी जिलों के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को वरिष्ठ विशेषज्ञों का परामर्श प्राप्त होगा।

इस सेवा के तहत अब संजय गांधी अस्पताल, रीवा के मेडिसिन, शिशु रोग (पेडियाट्रिक्स) तथा स्त्री रोग (गायनी) विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक, दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत डॉक्टरों को फोन या अन्य संचार माध्यमों से जरूरी परामर्श देंगे। इससे उन मरीजों को तुरंत लाभ मिलेगा जिन्हें विशेषज्ञ सलाह की आवश्यकता होती है। अब ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को विशेषज्ञ सेवाओं के लिए ज़िला मुख्यालय आने की आवश्यकता विशेष परिस्थितियों में ही पड़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह सेवा न सिर्फ मरीजों की यात्रा की आवश्यकता को कम करेगी, बल्कि समय, धन और संसाधनों की भी बचत करेगी। साथ ही, इससे प्राथमिक स्तर पर कार्यरत चिकित्सकों को विशेषज्ञों की मदद से त्वरित एवं सटीक निर्णय लेने में सुविधा होगी। इससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान व इलाज की गुणवत्ता में सुधार होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि टेली-मेडीसिन सेवा का प्रभावी उपयोग卐सशक्त व स्वस्थ मध्यप्रदेश卐 के विजन को धरातल पर उतारने में सहयोगी होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने टेली-मेडिसिन कक्ष की व्यस्थाओं का अवलोकन किया एवं विधिवत संचालन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वे अगले सप्ताह प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करेंगे। इस दौरान डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. मनोज इंदुलकर सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

हिनौती गौधाम में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें

रीवा (कीर्तिप्रभा) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम में गौवंशों के लिए शेड की व्यवस्था सहित चारा व पानी सुविधा सुनिश्चित करायें। गौधाम में पानी की कमी न होने पाये इस पर विशेष ध्यान दें। सर्किट हाउस राजनिवास में हिनौती गौधाम के संबंध में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधोसंरचना विकास के कार्यों सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम में टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करायें भविष्य में पानी की उपलब्धता की भी कार्ययोजना अनुसार कार्य करें तथा गौवंश के लिए पशु आहार की भी उपलब्धता सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि गौधाम में व्यवस्था के अनुरूप ही गौवंश संरक्षित रखे जाय। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की धीमी प्रगति व व्यवस्थाओं में कमी होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा एसडीएम को निर्देश दिये कि प्रतिदिवस हिनौती गौधाम जाकर व्यवस्थाओं की मानीटरिंग करें।

आईसीडीएस में घोटाले की हो उच्च स्तरीय जांच

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की राशि में बंदरबांट का आरोप

सिंगरौली 18 अप्रैल कीर्ति प्रभा महिला एवं बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की राशि में प्रभारी डीपीओ आरपी सिंह ने लाखों रूपये का वारान्यारा किया है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच हो। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ने मीडियाकर्मियों से संक्षिप्त मुलाकात के दौरान कही है।

राजेश सोनी ने महिला एवं बाल विकास विभाग देवसर में पदस्थ परियोजना अधिकारी व प्रभारी डीपीओ आरपी सिंह पर आरोप लगाया है कि पिछले माह मार्च महीने में डीपीओ के प्रभार थे। जहां बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं योजना के प्रचार-प्रसार की राशि में व्यापक रूप से गड़बड़ झाला करते हुये राशि की बंदरबांट किया है। जबकि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अतिमहत्वाकांक्षी योजना है। लेकिन प्रदेश की भाजपा डॉ. मोहन यादव के सरकार ने भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। प्रदेश सरकार के नुमाइंदे सरकार की योजनाओं में जमकर बंदरबांट कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त राशि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के प्रचार-प्रसार के लिए मिली थी। लेकिन उस दौरान के प्रभारी डीपीओ ने स्वयं सब कुछ बनकर राशि आहरित कर लिया। सवाल उठ रहा है कि 15 दिनों में कहां-कहां कार्यक्रम आयोजित किये गये और किन-किन फर्मों को भुगतान किया गया है। जिन फर्मों को भुगतान किया गया है, प्रभारी डीपीओ का बेहतर तालमेल है। आगे आरोप लगाया है कि वे देवसर में अपने कार्यकाल में जमकर महिला बाल विकास विभाग के योजनाओं की राशि में गड़बड़झाला किया है। आप के पूर्व जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट करते हुये कहा है कि प्रभारी डीपीओ के कार्यकाल में आईसीडीएस में जितने भुगतान हुये हैं, उसकी विधिवत जांच हो। साथ ही देवसर आईसीडीएस परियोजना की भी जांच कराई जाये। नही तो पार्टी आंदोलन करेगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान की आज मुख्यमंत्री करेंगे समीक्षा

रीवा (कीर्तिप्रभा). मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान की जिलेवार समीक्षा करेंगे। डॉ. मोहन यादव 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जिलों में अब तक कराये गये कार्यों व कार्ययोजना के अनुसार आगामी दिनों में कराये जाने वाले कार्यों की जिलेवार समीक्षा करेंगे।

छायाचित्र प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

रीवा (कीर्तिप्रभा). संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय के तत्वाधान में जिला पुरातत्व संग्रहालय व्यंकट भवन रीवा में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर विश्व पटल पर राम छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा द्वारा किया गया। इस दौरान अभिषेक शर्मा, डॉ. मुकेश येंगल, कुलदीप सिंह, शिव भरत श्रीवास्तव, तेज बहादुर सिंह, जयराम पाण्डेय उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय जनों द्वारा अवलोकन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदर्शनी 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम नागरिकों के लिये निःशुल्क खुली रहेगी।

युवा संगम कार्यक्रम 21 अप्रैल को आईटीआई रीवा में

रीवा (कीर्तिप्रभा). जिले के शासकीय आईटीआई रीवा में 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में जीएसएस आईएफएमएस प्रा. लि. जामनगर ए गुजरात, बैक्सी लिमिटेड नीमराना कोटा, टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी गुजरात, ख्याति शील्ड वेन्टुरेज प्रा. लि. छत्तीसगढ, पेरेग्रीन गार्डिंग प्रा.लि. गुजरात, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

कलेक्टर मऊगंज ने जनपद सीईओ नईगढ़ी को दिया कारण बताओ नोटिस

रीवा (कीर्तिप्रभा) मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जनपद पंचायत नईगढ़ी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कल्पना यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण हेतु कैंप आयोजित किये जाने के निर्देश पर नईगढ़ी में कैंप आयोजित नहीं किया गया तथा संयुक्त कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान सीईओ अनुपस्थित पाई गईं जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लिया है। इसी प्रकार जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में अनुपस्थित रहने व पदीय दायित्व के प्रति लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में सीईओ को समक्ष में उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

घर से भटककर आई वृद्ध महिला को उसके पुत्र से मिलाया गया

रीवा (कीर्तिप्रभा) बैकुंठपुर थाने के स्टाफ द्वारा गत दिनों एक अज्ञात महिला को महिला बाल विकास द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर मे लाया गया था। महिला की असहजता को दूर करते हुए वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर रेखा चतुर्वेदी ने काउंसलिंग की और उसके विषय में जानकारी एकत्र करते हुए प्रशासक श्रीमती सुमन नामदेव को संपूर्ण जानकारी दी। श्रीमती नामदेव के मार्गदर्शन पर क्षितिज तिवारी द्वारा परिवारजनो की खोजबीन की गई। सतना जिले के ग्राम कोटर की रहने वाली 53 वर्षीय महिला के पुत्र को रीवा बुला कर उसकी माँ से मिलाया गया। उल्लेखनीय है कि महिला तकरीबन 4-5दिन से अपने घर से भटक कर रीवा आ गई थी अब उसे उसका बेटा अपने घर ले गया।

समग्र धारकों का ई-केवायसी कराने हेतु विशेष शिविर का आयोजन

रीवा (कीर्तिप्रभा) शासन के निर्देशानुसार हितग्राहियों का आधार लिकिंग का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत फार्मर रजिस्ट्री, आरओआर से खसरा लिकिंग एवं सीमांकन कार्य होंगे। समग्र धारकों के ईकेवायसी कराने के उद्देश्य से 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक त्योंथर अनुभाग में विशेष शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। एसडीएम त्योंथर संजय जैन द्वारा ग्राम पंचायत/नगर पालिका में विशेष शिविर में पटवारी, सचिव/रोजगार सहायक/वार्ड प्रभारी की ड्यूटी लगाकर पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत ईकेवायसी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उप मुख्यमंत्री जताया शोक

रीवा (कीर्तिप्रभा) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अमहिया में रामनिवास शुक्ल के निवास पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय कुसुमकली शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया।

ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण

रीवा (कीर्तिप्रभा) म.प्र. शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एक मई से 31 मई तक शहरी क्षेत्रों के विभिन्न खेल मैदान पर 15 खेलों में 50 प्रशिक्षक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखण्ड स्तर पर 02 खेलों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह ने कहा कि बारीकियों के साथ-साथ नशे के दुष्परिणामों से भी युवाओं को अवगत कराये, तथा अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़े।

संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने बताया कि सभी

खिलाड़ी (बालक/बालिका) जिनकी आयु 8 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य है भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ियों से आग्रह है कि निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर निःशुल्क पंजीयन करा कर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये शहरी क्षेत्र हेतु सुश्री राखी सिंह, 8269482556 श्री अमर सिंह जाटव, 9753622200 श्रीमती रीतिका शर्मा, 8878093678 श्री तोषराम कनोजे 9977975947 एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ब्लाक के समन्वयक से संपर्क कर सकते है जिनके मोबाईल नं. -ब्लॉक रायपुर कर्चुलियान - श्रीमती ज्योति सिंह, 9713583388, ब्लॉक सिरमौर श्रीमती वंदना सिंह 9644773929, ब्लॉक गंगेव श्री विकास कुमार सोनी 9200683980, ब्लॉक जवा श्री नीरज कुमार द्विवेदी 6262252379, ब्लॉक हनुमना श्रीमती पुष्पादेवी पटेल 9691047124, ब्लॉक रीवा, श्री दिलीप सिंह 826535523, ब्लॉक त्योथर . श्रीमती प्रतिभा खरे 9981389629. ब्लॉक मऊगंज% श्री अमर पासी 9685074255, ब्लॉक नईगढी श्री रामनरेश कोल 7224869526 से संपर्क कर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होने हेतु संम्पर्क किया जा सकता है।

यूथ कांग्रेस के चुनाव का ऐलान

- प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक का होगा चुनाव

एमपी यूथ कांग्रेस के चुनावों का ऐलान हो गया है। इसी के साथ प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक का चुनाव होगा। स्टेट प्रेसिडेंट, स्टेट कमेटी, डिस्ट्रिक्ट कमेटी के सदस्य भी चुने जाएंगे। विधानसभा कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष तक के चुनाव होंगे। पहली बार ब्लाक अध्यक्ष का भी सीधे चुनाव होगा। सदस्य प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष के लिए मतदान करेंगे। चुनाव प्रक्रिया लगभग पांच महीने में पूरी होगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही युवक कांग्रेस से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है।

चुनाव प्रक्रिया के तहत 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कोऑर्डिनेटर जिलों का दौरा करेंगे। नॉमिनेशन 27 अप्रैल से 6 मई तक चलेंगे। दावे अपत्तियों ओर सुनवाई 28 अप्रैल से 7 मई तक होगी। नॉमिनेशन फॉर्म्स की स्क्रूटनी 7 मई से 9 मई तक की जाएगी। 11 मई तक फाइनल कैंडिडेट तय हो जाएंगे। पिछले बार साल 2020 में चुनाव हुए थे। जानकारी सैयद नासिर हुसैन, इलेक्शन कमिश्नर यूथ कांग्रेस एमपी और शेषनारायण ओझा, प्रभारी यूथ कांग्रेस एमपी ने दी।

एससी-एसटी वर्ग के लिए आरक्षित जिले

चुनाव में प्रदेश के इन जिलों को एससी और एसटी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। इनमें सागर, देवास, जबलपुर(शहर), पांढुर्णा, गुना, बुरहानपुर, सतना शामिल है। चुनाव के अभ्यर्थियों की आयु 27 अप्रैल 1990 से 26 अप्रैल 2007 तक मान्य होंगे। एक सदस्य 6 वोट करेंगे। यानी प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष के लिए वोट डालेंगे।

सिविल इंजीनियर ने बर्मी कम्पोस्ट को बनाया अपनी आय का साधन

बर्मी बेड में केचुआ खाद बनाकर कर रहे हैं लाखों की कमाई

रीवा (कीर्तिप्रभा) अरूण पटेल वैसे तो सिविल इंजीनियर हैं मगर उन्होंने अपनी आय के साधन के लिये कृषि के क्षेत्र का चुनाव किया और बर्मी कम्पोस्ट बनाकर लाखों की कमाई कर रहे हैं। जिले के त्योंथर जनपद अन्तर्गत घूमा (लाद) निवासी अरूण ने सिविल इंजीनियरिंग करने के बाद पारिवारिक आवश्यकता के अनुसार नौकरी न मिलने पर खेती को अपना व्यवसाय चुना। उन्होंने कृषकों से संपर्क किया तो यह पता चला कि त्योंथर विकासखण्ड में कहीं भी बर्मी यूनिट स्थापित नहीं है। उन्होंने बर्मी यूनिट की स्थापना के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा व आत्मा परियोजना त्योंथर से जानकारी ली और अपने अनउपजाऊ जमीन में 40 किलो बर्मी खरीद कर चार बर्मी बेड में केचुआ खाद बनाने का काम प्रारंभ किया। उन्होंने केचुआ खाद का उपयोग स्वयं अपनी जमीन में धान, गेंहू, फसलों के साथ-साथ हल्दी, मूंगफली, मिर्च, टमाटर की खेती में किया जिसके सकारात्मक परिणाम आये।

अरूण पटेल बताते हैं कि केचुआ खाद निर्माण के लिये अब मेरे पास 40 बर्मी बेड हैं जिनसे उत्पादित खाद जिले के साथ-साथ अन्य जिलों में भी भेजी जा रही हैं जिससे मुझे अच्छी आय हो रही है। इस खाद का उपयोग स्वास्थ्य के लिये लाभदायक है साथ ही किसान अपनी अनउपजाऊ भूमि में बर्मी कम्पोस्ट बनाकर अच्छी आय भी बढ़ा सकते हैं। वह बताते हैं कि मुझे साढ़े तीन लाख रूपये से अधिक का शुद्ध मुनाफा हुआ है। अरूण का कार्य के प्रति तन्मयता चुनौतियों से निपटने का सकारात्मक सोच प्रेरणादायी है।

विंध्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के खुले हैं द्वार- उप मुख्यमंत्री

रीवा (कीर्तिप्रभा).उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हाल ही में रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री के माध्यम से विंध्य क्षेत्र में निवेश के नए और अपार अवसर खुले हैं। जो विंध्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। पतंजलि समूह जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की भागीदारी से इस क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति की मजबूत आधारशिला रखी जा सकती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से अमहिया, रीवा स्थित निज निवास पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक सचिव आचार्य श्री बालकृष्ण ने सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जैसे हम हरित क्रांति ला र हे हैं, अब विंध्य क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि रीवा क्षेत्र में नेचुरल रिसोर्स के आधार पर सीमेंट प्लांट तो आ ही रहे हैं, लेकिन अगर पतंजलि ग्रुप का फूड प्लांट यहां आ जाता है तो यह 1000 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग खोलेगा, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब फूड प्लांट लगते हैं तो किसानों की समृद्धि बढ़ती है, क्योंकि उन्हें पता चलता है कि कौन सी फसल उगाई जाए जिससे उन्हें सीधा आर्थिक लाभ हो। पतंजलि देश में फूड क्रांति के क्षेत्र में सबसे बड़ा समूह है।

अब जमानत मिलना आसान नहीं

हाईकोर्ट और खंडपीठ में नया फार्मेट किया जाएगा लागू

भोपाल (ईएमएस)। मप्र में अब जमानत मिलने के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। अब अपराधियों को आसानी से जमानत नहीं मिल पाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट समेत सभी खंडपीठ के लिए फार्मेट जारी किया है। हाईकोर्ट में अब जमानत याचिका लगाने वाले संबंधित व्यक्ति को अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी भी कोर्ट के सामने रखनी पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश से जुड़े जमानत के मामलों में यह महत्वपूर्ण आदेश दिया है। 1 मई से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर समेत इंदौर और ग्वालियर खंडपीठ को जमानत याचिका या अलग-अलग तरह के मामलों की सुनवाई करने को लेकर एक फॉर्मेट जारी किया है। इसके चलते जिस भी व्यक्ति को किसी मामले में सजा हो गई है या फिर वह जमानत या अग्रिम जमानत को लेकर कोर्ट के समक्ष याचिका लगता है, तो उसे अपने पिछले आपराधिक रिकॉर्ड की पूरी जानकारी जमानत याचिका के साथ कोर्ट के सामने प्रस्तुत करनी होगी। इसके बाद कोर्ट उस पूरे मामले में सुनवाई कर तय करेगा कि जमानत दी जाए या नहीं।

अपराधियों को ऐसे मिल जाता था फायदा

अभी तक जो भी व्यक्ति अग्रिम जमानत, जमानत या सजा पर रोक के लिए याचिका कोर्ट के सामने प्रस्तुत करता है तो कोर्ट संबंधित थाना पुलिस को निर्देश जारी कर उनसे संबंधित जानकारी मांगती है। जिसके चलते पुलिस कई बार इस तरह की जानकारी कोर्ट के समक्ष तय समय में उपलब्ध नहीं करवा पाती है। जिसका फायदा संबंधित आरोपी को हो जाता है और उसे कई बार आसानी से जमानत मिल जाती है। ऐसे में कई अपराधी ऐसे भी होते हैं जिनके पिछले आपराधिक रिकॉर्ड में गंभीर मामले दर्ज होते हैं।

कुख्यात गुंडे को मिल गई थी जमानत

बता दें कि पिछले दिनों इंदौर के एक कुख्यात गुंडे हेमंत यादव पर तकरीबन एक दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज थे लेकिन पुलिस ने हेमंत यादव से संबंधित जानकारियां कोर्ट के सामने प्रस्तुत नहीं की। जिसके चलते उसे आसानी से सजा के एक मामले में जमानत मिल गई। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए अब सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर समेत इंदौर और ग्वालियर खंडपीठ को नए फॉर्मेट पर सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। 1 मई से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। यह व्यवस्था लागू होने के बाद कुख्यात आरोपियों को हाईकोर्ट से आसानी से जमानत नहीं मिल पाएगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अदिति प्रिंटर्स, वि. वि. मार्ग खुटेही रीवा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक-* संतोष कुमार मिश्र , * स्थानीय संपादक-योगराज तिवारी, आर.एन.आई. नं. 69841/98
प्रधान कार्यालय रीवा- फोन एवं फैक्स नं. 07662-292777,9425330073,9229876961 Email- samacharrewa@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।